# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025










## खबर संक्षेप

### दिल्ली-पटना त्योहार विशेष वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए 11 अक्टूबर से दिल्ली और पटना के बीच एक त्योहार विशेष वंदे भारत ट्रेन चलाएगा। यह विशेष ट्रेन 15 नवंबर तक इस मार्ग पर चलाई जाएगी। नई दिल्ली से पटना जाने वाली 02252 नंबर की यह ट्रेन इस अवधि के दौरान 16 चक्कर लगाएगी और हर सोमवार, बुधवार और शनिवार को अपनी सेवायें प्रदान करेगी।

### ईडी ने कुर्क कीं 40 करोड़ की संपत्तियां

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक एमयूडीए से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में 40 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत चार अक्टूबर को 34 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया था। जिसमें एमयूडीए (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) के कुछ भूखंड भी शामिल हैं।

### सैयामी आयरनमैन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और खिलाड़ी सैयामी खेर को 'आयरनमैन इंडिया' का आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया है। उन्होंने एक साल से भी कम समय में दो कठिन 'आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन' पूरा करने के बाद यह सम्मान हासिल किया है। 'घूमर', 'चोक्ड', 'जाट' और '8 ए.एम. मेट्रो' जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाली सैयामी ने सितंबर 2024 में अपना पहला और जुलाई 2025 में दूसरा 'आयरनमैन 70.3' पूरा किया।

### तिरुपति में विवि, हेलीपैड को उड़ाने की धमकी

**तिरुपति।** श्री वेंकटेश्वर कृषि विश्वविद्यालय और मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के दौरे के लिए बनाए गए हेलीपैड को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में फर्जी साबित हुई। विश्वविद्यालय को भेजे गए एक ईमेल में उल्लेख किया गया था कि विश्वविद्यालय में और उसके आसपास पांच आरडीएक्स आधारित आईईडी लगाए गए हैं। आज एक धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया कि एसवी कृषि विश्वविद्यालय और हेलीपैड पर विस्फोटक लगाए गए हैं।

---

### केंद्रीय गृहमंत्री के ऐलान के बाद 9 माह में टॉप 10 सीसी व पोलित ब्यूरो मेंबर ढेर

# इस तरह होगा नक्सलवाद का खात्मा...

## 7 करोड़ के ईनामी दस टॉप लीडर बच गए, उन पर फोकस

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के ऐलान के बाद बस्तर संभाग में फोर्स नक्सलियों के सफाए के लिए लगातार कोर इलाके अबूझमाड़ व नेशनल पार्क क्षेत्र में आपरेशन चला रही है। पिछले नौ माह में नक्सल प्रभावित राज्यों में दस शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया गया है। इन नक्सलियों में नक्सल महासचिव व पोलित ब्यूरों मेंबर बसवराजू और तीन सीसी मेंबरों को बस्तर पुलिस ने नारायणपुर व बीजापुर जिले में मार गिराया।

अब फोर्स का फोकस 10 शीर्ष लीडर और 3 सौ बंदूकधारी नक्सलियों पर है। इनके सफाए के साथ ही बस्तर से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। बचे हुए लाल लड़ाकों को टॉरगेट करने के लिए फोर्स लगातार लाल गलियारे में नई रणनीति के साथ ऑपरेशन चला रही है। फोर्स अब उन 10 टॉप मोस्ट नक्सलियों को टॉरगेट करने प्रयासरत है जिन पर केवल छत्तीसगढ़ में ही 7 करोड़ रूपए का इनाम घोषित है, इनमें 4 करोड़ के इनामी 4 पोलित ब्यूरो व 3 करोड़ के इनाम 6 सेंट्रल कमेटी मेंबर शामिल हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद बस्तर पुलिस सरकार की मंशा के अनुरूप सरेंडर करो या मरो की रणनीति पर काम करते हुए

▶▶|शेष पेज 7 पर



10

बस्तर का एक मात्र माओवादी माडवी हिड़मा उर्फ हिडमन्ना उर्फ हिडमालू उर्फ संतोष उर्फ देवा 46 वर्ष निवासी ग्राम पूवर्ती थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा शामिल है।



1

टॉप नक्सलियों में पोलित ब्यूरो व सलाहकार सेट्रंल कमेटी मेंबर मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ श्रीनिवास उर्फ दयानंद उर्फ चन्द्रशेखर, 75 वर्ष निवासी वीरपुर मंडल सरंगापुर तेलगांना का नाम आता है, जिस पर केवल छग में 1 करोड़ का इनाम घोषित है।

### सुरक्षा बलों का आत्मविश्वास बढ़ा है

हाल के महीनों में सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए शीर्ष माओवादी कैडर बसवराजु, सुधाकर, कोसा और रामचंद्र रेड्डी को मार गिराया जिससे नक्सल संगठन सदमे में है। वरिष्ठ नेताओं की समाप्ति से प्रतिबंधित एवं अवैध भाकपा (माओवादी) संगठन का नेतृत्व तंत्र पूरी तरह बिखर गया है। सुरक्षा बलों का आत्मविश्वास, मनोबल और अभियान की गति लगातार बढ़ी है। माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है, जबकि सुरक्षा बल क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की दिशा में निर्णायक बढ़त हासिल कर चुके हैं।

-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर

### बच गए 3 सौ बंदूकधारियों की तलाश की तेज

### 10 टॉप मोस्ट नक्सलियों में ये शामिल



2 — दूसरे नम्बर पर है 1 करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो, सेट्रल कमेटी, सचिव सीआरबी व प्रवक्ता मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ विवेक उर्फ भूपति 70 वर्ष निवासी ग्राम पेद्दापल्ली जिला करीमनगर तेलगांना का नाम आता है।



3 — तीसरे टॉप मोस्ट नक्सली में पोलित ब्यूरो, सेन्ट्रल कमेटी, सेन्ट्रल रीजनल ब्यूरो व प्रभारी सेन्ट्रल मिलिट्री कमीशन 62 वर्षीय थिप्परी तिरूपति उर्फ देवजी का नाम आता है ।



4 — वही चौथे और अतिंम पोलित ब्यूरो मेंबर में पीजी तक शिक्षित 63 वर्षीय मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर का नाम आता है जो ग्राम सनथल मधुनदी, थाना कीर्तन, जिला गिरडीह झारखण्ड का रहने वाला है।



5 — पांचवे नंबर पर इनमें पुल्लरी प्रसाद राव उर्फ शंकरन्ना 64 वर्ष निवासी वेडकापूर मंडल पेद्दापल्ली करीमनगर तेलगांना का नाम आता है।



6 — छठवें नंबर गणेश उईके उर्फ गणेश उर्फ राजेश तिवारी उर्फ चमरू दादा उर्फ पाका हनुमन्थलू 64 वर्ष निवासी ग्राम पुल्लेमला मंडल चंदूर जिला नालकोंडा तेलगांना हैं।



7 — 7वें नंबर पर अनल दा उर्फ तुफान दा उर्फ पतिराम माझी निवासी झारावाली थाना डुमरी जिला गिरीडीह झारखण्ड, गजराला रवि उर्फ उदय 59 वर्ष निवासी वेलीशाला थाना चित्य जिला वारंगल तेलगांना हैं।

8 — आठवें स्थान पर मल्ला राजा रेड्डी उर्फ सग्रांम उर्फ मुरली उर्फ सुथेन्ना उर्फ सायन्ना उर्फ मीशालन्ना उर्फ आलोक उर्फ देशपाण्डे उर्फ एसएन उर्फ लक्ष्मण का नाम आता है।

9 — 9वें नंबर पर रामदेर उर्फ मज्जीदेव उर्फ मजबी हैं।

---

### सुप्रीम कोर्ट में अभूतपूर्व घटना

## वकील ने सीजेआई पर उछाला जूता गवई ने कहा- 'फर्क' नहीं पड़ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब सुनवाई के दौरान एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की। अचानक घटी इस घटना से कुछ देर के लिए अदालत कक्ष में अफरातफरी मच गई, हालांकि सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाल ली और आरोपी को हिरासत में ले लिया। यह अभूतपूर्व घटना तब हुई जब सर्वोच्च न्यायालय में खजुराहो मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्तियों की पुनर्स्थापना से जुड़ी याचिका पर सुनवाई चल रही थी। कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर अचानक खड़ा हुआ और "सनातन का अपमान नहीं सहेंगे" के नारे लगाते हुए जूता फेंकने का प्रयास किया। जूता बेंच तक नहीं पहुंच सका और फर्श पर गिर गया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इस मामले पर सीबीआई ने कहा उन्हें इन घटनाओं पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

#### पीएम मोदी ने की सीजेआई से बात

पीएम नरेंद्र मोदी ने सीजेआई बी.आर. गवई से बात कर एक वकील द्वारा उन पर जूता फेंकने के प्रयास की निंदा की और कहा कि इस हमले से हर भारतीय नाराज है। उन्होंने कहा, हमारे समाज में इस तरह के निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है।" उन्होंने घटना के बाद शांति बनाए रखने के लिए गवई की प्रशंसा की।

#### वकील राकेश का लाइसेंस रद्द

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाला वकील राकेश किशोर को बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्हें किसी भी न्यायालय, ट्रिब्यूनल या अधिकरण में पेश होने, वकालत करने की अनुमति नहीं होगी। बीसीआई ने आरोपी वकील का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

---

### दो चरणों में मतदान : पहला 6 नवंबर-दूसरा 11 नवंबर को वोटिंग, 14 नवंबर को मतगणना

# बिहार में कौन जोड़ीदार होगा जोरदार ?

## 14 नवंबर को नतीजे, कीजिए इंतजार

*बिहार में चुनावी बिगुल बजने का इंतजार खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए मतदान कराने का फैसला लिया है। पहले चरण का चुनाव 6 नवंबर और दूसरे चरण का 11 नवंबर को होगा। मतगणना की तिथि 14 नवंबर तय की गई है।*

हरिभूमिन्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की आधिकारिक घोषणा कर दी। राज्य में इस बार चुनाव दो चरणों में होंगे- पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को, जबकि मतगणना और परिणाम की घोषणा 14 नवंबर को की जाएगी। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आयोग इस बार चुनाव को "सबसे पारदर्शी, सुरक्षित और समावेशी" बनाने के लिए कई नई पहलें कर रहा है।

इसके तहत बिहार में 17 चुनावी सुधार लागू किए जाएंगे जिन्हें आगे चलकर पूरे देश में अपनाया जाएगा। इनमें हर मतदान केंद्र पर वेबकैस्टिंग, उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीर, मोबाइल डिपॉजिट सुविधा और एक बूथ पर अधिकतम 1,200 मतदाता जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दोनों निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की और कहा


▶▶|शेष पेज 7 पर

### वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को हो रहा समाप्त



14 लाख मतदाता पहली बार डालेंगे वोट

90,712 मतदान केंद्र, हर केंद्र पर औसत 818 मतदाता



**पहला चरण- 121 सीटें**

| चुनाव कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|
| नामांकन के लिए अधिसूचना | 10 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि | 17 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र जांच - | 18 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र वापसी- | 20 अक्टूबर |
| मतदान की तिथि- | 6 नवंबर |

**दूसरा चरण-122 सीटें**

| चुनान कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|
| नामांकन के लिए अधिसूचना | 13 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि | 20 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र जांच | 21 अक्टूबर |
| नामांकन पत्र वापसी | 23 अक्टूबर |
| मतदान की तिथि | 11 नवंबर |
| मतगणना का तिथि | 14 नवंबर |
| चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि | 16 नवंबर |

### निष्पक्ष और सुचारु चुनाव के लिए तैयारियां




चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और सुचारु चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। मतदाताओं की भीड़ कम करने के लिए प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी गई है। चुनाव से पहले एसआईआर प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे मतदाता सूची को 'शुद्ध' किया जा सका है। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग, और उम्मीदवारों की पहचान आसान बनाने के लिए ईवीएम पर रंगीन फोटो जैसी 17 नई पहल शुरू की जा रही हैं। वर्तमान 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त पहले ही यह स्पष्ट कर दिल्ली लौटे थे कि चुनाव प्रक्रिया इस समय सीमा से पहले पूरी कर ली जाएगी।

#### मतदाता सूची में बड़ा बदलाव

इस बार विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं, जबकि 3.66 लाख नाम हटाए गए। अंतिम सूची में अब कुल 7.42 करोड़ मतदाता दर्ज हैं। विपक्ष ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे "पक्षपातपूर्ण" बताया है और मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

#### राजनीतिक जंग और प्रमुख खिलाड़ी

बिहार की सियासी जंग इस बार भी बेहद रोचक मानी जा रही है। मुकाबला मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, और रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की नई पार्टी जन सुराज इस बार त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना बढ़ा रही है।

#### सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ज़ोर

चुनाव आयोग ने कहा कि प्रत्येक चरण में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी और "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत किसी भी गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

---

## चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग के दौरान आठ कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोमनहिल/कोरिया कॉलरी

एमसीबी जिले के एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की एक ओपनकास्ट कोयला खदान में सोमवार को हुई ओवी ओवरबर्डन ब्लास्टिंग के दौरान समय से पहले धमाका हो जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में करीब 8 कर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, इनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिरमिरी ओपनकास्ट खदान में ऊपरी मिट्टी हटाने के लिए नियमित रूप से ओवी ब्लास्टिंग की तैयारी की जा रही थी। ब्लास्टिंग का समय तय था, लेकिन उससे कुछ मिनट पहले ही अचानक धमाका

▶▶|शेष पेज 7 पर








# बस्तर दशहरा लोकोत्सव में संगीत और संस्कृति का शानदार संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के लालबाग में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव के दूसरे दिन सोमवार का आयोजन संगीत और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। सारेगामा फेम गायिका रूपाली जग्गा ने अपनी मनमोहक आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके गीतों पर दर्शक झूम उठे और पूरा आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा एवं दर्शकों ने मोबाइल के टार्च से गायिका का उत्साहवर्धन किया।

## सारेगामा फेम गायिका रूपाली जग्गा ने दर्शकों का जीता दिल





## समृद्ध लोक संस्कृति की दिखी झलक

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी पारंपरिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और गीतों के माध्यम से बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधित स्कूल के बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, महापौर संजय पाण्डेय सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छग में साइबर साक्ष्य विशेषज्ञ नहीं, प्रक्रिया पूरी करने केन्द्र ने समय मांगा



**बिलासपुर।** प्रदेश में साइबर एक्सपर्ट नियुक्ति के मामले में प्रक्रिया पूरी कर जानकारी देने के लिए केन्द्र सरकार ने सोमवार को हाईकोर्ट से समय मांग लिया। कोर्ट ने इसे स्वीकार किया और अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में साइबर अपराध के प्रकरणों के लिए अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के लिए विशेषज्ञ नहीं होने पर लगाई गई जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। इसमें हाईकोर्ट ने पूछा है कि यह नियुक्ति कब तक होगी? ज्ञात हो कि शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है। पहले हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति केंद्र सरकार के माध्यम से की जाती है। फिलहाल छत्तीसगढ़ में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि तीन चरणों को पूरा कर ही सायबर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा सकती है। पहले चरण में फॉरेंसिक लैब की स्थापना होगी। अन्य दो चरण पूरे होने बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इस प्रक्रिया में समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने केंद्र से कहा कि, समाज की भलाई के लिए आपने एक संस्था बनाई है, अगर उसके हेड की नियुक्ति में इतनी जटिलताएं होंगी तो फिर आगे क्या होगा।

### डकैती की साजिश नाकाम हथियार सहित 5 गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** शहर के पेंड्री रोड स्थित श्याम सुपर मार्केट में शनिवार 5- 6 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब दो बजे श्याम सुपर मार्केट से शटर टूटने की आवाज सुनकर दुकानदार राहुल अग्रवाल और उनके पिता बाहर निकले। उन्होंने देखा कि तीन नकाबपोश युवक दुकान के पास भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बिना देरी किए तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस ने तीनों संदिग्धों को भागते हुए गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपने नाम मनीष बनवा, चैतन्य उर्फ चमन और हितेश दिनकर बताए। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने जितेंद्र दिनकर और तरुण सूर्यवंशी को भी हिरासत में लिया।आरोपियों के पास से एक पिस्टल, पांच कारतूस, एक चाकू, दो सब्बल, दो नकाब, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी मनीष कुमार बनवा पिता रामेश्वर प्रसाद उम्र 26 वर्ष सारागांव थाना ग्राम अफरीद का रहने वाला है, जो लक्की डेयरी के पास जांजगीर में वर्तमान में निवासरत है। इसी प्रकार भाठापारा जांजगीर निवासी तरूण सूर्यवंशी पिता पूरनदास उम्र 22 वर्ष, पुटपुरा निवासी जितेन्द्र दिनकर पिता बद्रीप्रसाद उम्र 26 वर्ष, तागा निवासी हितेश दिनकर पिता देवानंद उम्र 21 वर्ष और उसके भाई चैतन्य दिनकर उर्फ चमन उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

## अब खदानों का निर्धारण करेगी कलेक्टर की बनाई समिति

# रेत रॉयल्टी पर्ची की वैल्यू खत्म, खदान लेते वक्त एकमुश्त रकम जमा करनी होगी, सरकार को मिलेंगे 500 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने रेत खदानों की नीलामी का नया नियम बनाया है। खास बात ये है कि अब खदान के लिए जितने रकबे की पर्यावरण सम्मति मिलेगी उसी हिसाब से ठेकेदार को पूरे रकबे की राशि चार किस्तों में खनिज विभाग को जमा करनी होगी। इस प्रक्रिया के बीच रेत रॉयल्टी पर्ची की वैल्यु खत्म हो जाएगी। ठेकेदार अब अपने ही क्षेत्र में रेत खनन करे या नहीं करे, उसे रेत मूल्य अदा करना होगा। अनुमान है कि इस प्रक्रिया के जरिए सरकार को 500 करोड़ रुपयों तक का राजस्व मिलेगा। अब तक रेत से मात्र 30 करोड़ ही मिलते थे। राज्य सरकार ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत( उत्खनन एवं व्यावसाय) नियम 2025 बनाया है। यह नियम लागू भी हो गया है। अब रेत के लिए जिला स्तरीय समिति बनाई जाएगी। समिति में जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर अधिकारी शामिल किए जाएंगे। इसी समिति के अनुसार रेत खनिज की उपलब्धता, नदी का बहाव, आदि का परीक्षण कर खनन क्षेत्र का चिन्हांकन, सीमांकन, किया जाएगा और जिला कलेक्टर द्वारा खदान घोषित किया जाएगा।

■ राज्य सरकार ने रेत खनन के लिए बनाया नया नियम

### मौजूदा ठेकेदारों के आवेदन अमान्य

राज्य में नया नियम लागू होने के साथ ही पूर्व में उत्खनन पट्टा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय( अनुसूचित क्षेत्र के हेतु) नियम 2023 के तहत सभी आवेदन अमान्य हो जाएंगे। लेकिन ऐसे प्रकरण जो गौण खनिज साधारण रेत नियम 2019 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय( अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 के तहत अनुबंधित है, उन पट्टों पर शेष कालवधि तक लागू पट्टे की सभी शर्तों के अध्याधीन मान्य समझा जाएगा।



### अब बोली लगेगी रिवर्स ऑक्शन से

नए नियम के तहत अब जिला कलेक्टर रेत खदानों की नीलामी रिवर्स ऑक्शन से करेंगे। इशके लिए आमंत्रण की सूचना विभगीय वेबसाइट, समाचार पत्रों में प्रकाशन, संबंधित जिला कलेक्टर, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, एवं स्थनीय नगरीय निकाय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी।

### अब इस तरह राजस्व मिलेगा 500 करोड़

खनिज विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो नई प्रक्रिया से राज्य सरकार को रेत से करीब 500 करोड़ रुपए राजस्व मिलने की संभावना है। जबकि इसके पहले तक रेत से मात्र 30 करोड़ तक की राशि मिलती थी। अब होगा ये कि एक ठेकेदार को जितने क्षेत्र में रेत खनन के लिए पर्यावरण सम्मति मिलेगी उसमें रेत की मात्रा के हिसाब से चार किस्तों में राशि जमा करनी होगा। ठेकेदार रेत खनन करे या नहीं करे, उसे राशि जमा करनी ही होगी। अनुमान है कि अब एक खदान के लिए कम से कम एक करोड़ रुपए राशि अदा करनी होगी। यह भी उल्लेखनीय है पड़ोसी मप्र को रेत से सालाना 1200 करोड़ तथा तेलंगाना को 800 करोड़ रुपए मिलते हैं।

### अब रॉयल्टी पर्ची की वैल्यू खत्म

अब से पहले ये होता था कि ठेकेदार अपने क्षेत्र में जितनी रेत का खनन करता था, उसके हिसाब से रॉयल्टी पर्ची कटती थी और उसी के हिसाब से सरकार को राजस्व मिलता था। माना जाता है कि ठेकेदार अगर दिन भर में 20 ट्रक रेत निकालता तो अपनी मर्जी से 5 या 10 ही पर्ची कटवाता था। लेकिन नई प्रक्रिया में रॉयल्टी पर्ची की कोई वैल्यु नहीं रह जाएगी। पट्टाधारी, शासन द्वारा समय समय पर निर्धारित रॉयल्टी प्रति घन मीटर की दर से चार किस्तों में जमा करेगा।

### अब कितनी हो सकेगी नदी की खुदाई

नियम में साफ किया गया है कि नदी की सतह से तीन मीटर की गहराई या नदी में बैड रॉक के उपर एक मीटर तक ही साधारण रेत का उत्खनन किया जाएगा। नदी के दोनों तटो से नदी की चौड़ाई का 10 प्रतिशत क्षेत्र छोड़कर उत्खनन किया जाएगा। किसी प्राकृतिक जल स्रोत, बांध, जलाशय या अन्य किसी संरचना से सौ मीट की दूरी के भीतर उत्खनन नहीं किया जाएगा। किसी पुल, राष्ट्रीय या राजमार्ग से दो सौ मीटर के भीतर उत्खनन नहीं किया जाएगा।

### खनन पट्टे का पात्र कौन होगा

उत्खनन पट्टे की पात्रता के संबंध में कहा गया है कि बोलीकर्ता ऐसे व्यक्ति होना चाहिए जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो या कंपनी, फर्म, सोसाइटी, सहकारी सोसाइटी होने पर संबंधित अधिनियम, नियम के अधीन पंजीकृत होना चाहिए।

## एनटीपीसी कर्मी पर नशे में गाड़ी चलाने मामला, मांगे 50 हजार कर्मचारी ने खा लिया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सीपत पुलिस शराब दुकान से शराब खरीदकर खड़े एनटीपीसी कर्मी को पकड़कर थाने ले गई और शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला बनाकर 50 हजार रुपए की मांग करने लगी। मानसिक दबाव में आकर एनटीपीसीकर्मी ने जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश कर ली है। उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। इसी तरह पुलिसकर्मी से मिलने थाना परिसर गए दो युवकों को पकड़कर फोन पे के माध्यम से 24 हजार रुपए वसूली कर ली गई। पीड़ितों के द्वारा एसएसपी से मुलाकात कर लिखित शिकायत की गई है। एसएसपी ने दोनों शिकायतों की एडीशनल एसपी को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। सीपत एनटीपीसी उज्जवलनगर निवासी रामेश्वरी मंजारे ने शिकायत करते हुए कहा है कि उनके पति धीरेन्द्र मंजारे एनटीपीसी सीपत के एचआर विभाग में कार्यरत हैं। 5 अक्टूबर को वे शराब लेने के लिए सीपत शराब दुकान गए थे।

■ पीड़ित पक्षों ने एसएसपी से की शिकायत एडीशनल एसपी करेंगे जांच

### शिकायत मिली है

एनटीपीसी कर्मी की पत्नी ने मोटर व्हीकल एक्ट के कार्रवाई में अवैध वसूली व पति के जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश व दो युवकों से थाने के प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर के फोन के माध्यम से 24 हजार वसूली करने की शिकायत मिली है। थानेदार का कहना है दोनों मामले में मोटर व्हीकल एक्ट व 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। एडीशनल एसपी ने दोनों शिकायत की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया है।

**रजनेश सिंह**, एसएसपी

## मंत्री के दरबार में पहले ही दिन समस्याओं का अंबार

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक साल बाद मंत्रियों का दरबार फिर से प्रारंभ किया गया है। पहले दिन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं और उनके क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। थोक में सौ से ज्यादा समस्याएं मंत्री के सामने रखी गईं। सहयोग केंद्र के समाप्त होने के बाद टंकराम वर्मा ने कहा, ज्यादातर समस्याओं का निराकरण तत्काल कर दिया गया है। जो समस्याएं बची हैं, उनका निराकरण भी जल्द हो जाएगा। मंगलवार को स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद शुक्रवार तक लगातार मंत्रियों का दरबार लगेगा। इस दरबार में डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

■ टंकराम वर्मा बोले- ज्यादातर समस्याओं का किया गया तत्काल निराकरण

ठाकरे परिसर में साल भर बाद प्रारंभ हुए



सहयोग केंद्र में मंत्री के सामने समस्याएं रखने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। पहले सभी कार्यकर्ताओं का एक से दो बजे के बीच में पंजीयन किया गया। सौ से ज्यादा कार्यकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से दोपहरे दो बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक कार्यकर्ताओं की समस्याओं को एक-एक करके सुना। जो भी छोटी समस्याओं थी, उनका तत्काल निदान किया गया। ऐसी समस्याओं वाले करीब 30 आवेदन थे।

## नक्सलियों की लगाई आईईडी बरामद, 3 संदेही हिरासत में

**दंतेवाड़ा।** सातधार पुल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति की मुखबिर से सूचना पर आज मालेवाही कैंप से थाना स्टाफ तथा सीआरपीएफ का संयुक्त बल सातधार की ओर रवाना हुए थे। मौके पर 3 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे जिन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर अपना नाम संतु मंडावी 36 वर्ष निवासी कहचेनार, मनीराम उर्फ मनीष 24 वर्ष निवासी कहचेनार,सुखमन मंडावी 24 वर्ष निवासी कहचेनार बताया है। प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई एम में सक्रिय सदस्य के रूप में काम करना स्वीकार किया।



■ मौके पर किया गया निषक्रिय

सातधार पुल के पास हाल ही में हुए आईईडी ब्लास्ट जिसमें सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए थे की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। एक जिंदा प्रेशर आईईडी लगे होने की बात भी स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर मौके से 1 प्रेशर आईईडी बरामद किया गया। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सब्बल तथा अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गरियाबंद पुलिस को नक्सल मोर्चे पर मिली बड़ी सफलता

## एक- एक लाख के 3 ईनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चला रही गरियाबंद पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। गरियाबंद-धमतरी-नुआपड़ा डिवीजन में सक्रिय तीन नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में नागेश, जैनी और मनीला शामिल हैं। तीनों पर 1-1 लाख रुपये का इनाम घोषित था। जानकारी के मुताबिक, नागेश ने अपने पास रखे देशी हथियार के साथ सरेंडर किया। ये तीनों नक्सली पिछले 5 से 8 सालों से संगठन में सक्रिय थे और कई बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये सभी शीर्ष माओवादी नेताओं के करीबी सहयोगी के रूप में काम करते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने राज्य सरकार की समर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी निखिल राखेचा ने कहा कि यह आत्मसमर्पण नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। इससे क्षेत्र में शांति और विकास की

■ गरियाबंद-धमतरी-नुआपड़ा डिवीजन में थे सक्रिय




प्रक्रिया को नई दिशा मिलेगी।

### क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों की संख्या रह गई 30

पुलिस के मुताबिक, इस अभियान के बाद अब गरियाबंद क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों की संख्या घटकर करीब 30 रह गई है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'शांति संवाद और पुनर्वास' अभियान के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने की लगातार कोशिश की जा रही है। यह आत्मसमर्पण न केवल पुलिस की रणनीतिक सफलता है, बल्कि यह इस बात का संकेत भी है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में अब सरकार की विश्वास बहाली पहल असर दिखाने लगी है।

### उपभोक्ताओं में इजाफा होने के कारण खपत भी बढ़ रही, 65 लाख हुए

# बिजली की रफ्तार से बढ़ी खपत, 5 साल में 40 फीसदी ज्यादा डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। पांच साल पहले प्रदेश में बिजली की खपत पांच हजार मेगावाट से भी कम होती थी। पांच साल पहले 2021-22 में खपत ने पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा छुआ। इसके बाद से खपत राकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। पांच साल में जहां खपत 40 फीसदी बढ़ गई है, वहीं राज्य बनने के बाद से अब तक पांच गुना बढ़ गई है। 2001 में खपत 1309 मेगावाट थी जो 2005 में 7006 मेगावाट तक पहुंच गई है। इस साल गर्मी में खपत 7006 सौ मेगावाट तक चली गई थी।

प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ताओं में इजाफा होने के कारण खपत भी बढ़ रही है। इस समय प्रदेश में 65 लाख के करीब उपभोक्ता हो गए हैं। कृषि पंपों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। इस समय करीब छह लाख कृषि पंप हो गए हैं। इसी के साथ प्रदेश में लगातार उद्योग भी बढ़ रहे हैं। ऐसा होने से बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है।

### ऐसे बढ़ रहा है खपत का ग्राफ

2021-22 में 5057 मेगावाट

2022-23 में 5443 मेगावाट

2023-24 में 6236 मेगावाट

2024-25 में 6606 मेगावाट

2025-26 में 7006 मेगावाट



### अपना उत्पादन तीन हजार मेगावाट

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। मड़वा में 500 मेगावाट के दो संयंत्र हैं। इसी के साथ कोरबा में 210 मेगावाट के चार और एक पांच सौ मेगावाट का संयंत्र है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र में 250 मेगावाट के दो संयंत्र हैं। इसी के साथ बांगो में 40 मेगावाट के 3 पानी के संयंत्र हैं। इन संयंत्रों से रोज 25 से 26 सौ मेगावाट का ही उत्पादन होता है। कभी कोई संयंत्र खराब हो गया तो उत्पादन दो हजार से 22 सौ मेगावाट हो जाता है।

### सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर

प्रदेश में बिजली की जितनी डिमांड रहती है उसको पूरा करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से बिजली ली जाती है। सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर है। इस बार गर्मी में खपत 7006 सौ मेगावाट तक गई तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेकर पूर्ति की गई थी। इसी के साथ पॉवर कंपनी को स्थानीय निजी उत्पादकों से भी बिजली मिलती है। दूसरे राज्यों से भी एक्सचेंज में बिजली लेते हैं। कुल मिलाकर जितनी डिमांड रहती है उसको पूरा करने का काम किया जाता है।

### 14 हजार मेगावाट बिजली की नई योजनाएं

प्रदेश सरकार राज्य में बिजली का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। 14 हजार मेगावाट की योजनाओं पर काम चल रहा है। पहले चरण में इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्रों के निर्माण का उद्घाटन किया है। इसी के साथ इस साल की पहली नई योजना का प्रारंभ हो गया है। अब पॉवर कंपनी का बड़ा फोकस प्रदेश में पानी से 7300 मेगावाट बिजली बनाने पर है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में पानी से 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने के लिए दो संयंत्र लगेंगे। यहां पर 21 और 14 सौ मेगावाट के दो संयंत्रों लगेंगे। इसको लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है और एमओयू भी हो गया है।

## झोलाछाप डाक्टर के इलाज से बच्चे की मौत, सिम्स में पीएम

**बिलासपुर।** झोलछाप डाक्टर के इलाज ने एक बार फिर मासूम बच्चे को काल के गाल में भेज दिया है। 8 वर्षीय बच्चे की मौत डाक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के कारण हो गई है। सोमवार को परिजनों ने उसे सिम्स लाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

घटना सरगांव के पास धरदई गांव की है। रविंद्र यादव अपने बेटे को सुबह सिम्स लेकर पहुंचे थे, बच्चे की हालत पिछले कुछ दिनों से खराब थी, जिसके चलते उसे फीवर और सर्दी हो चुकी थी, लेकिन सिम्स पहुंचने तक 8 वर्षीय बच्चे ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि उनका बेटा युग यादव 8 वर्ष का है और कुछ दिन पहले अपनी नानी के घर मनेन्द्रगढ़ गया था, यहीं वह बीमार हो गया था। घर के लोगों ने एक झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया। इस दौरान झोलाछाप डाक्टर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया था, इसके बाद बच्चे की तबीयत और भी बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे मनेन्द्रगढ़ से सरगांव लाया, इसके बाद भी बच्चे की तबीयत में सुधार नहीं हो सका। सोमवार को परिजन उसे सिम्स लेकर पहुंचे, लेकिन पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। डाक्टरों ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों का हाल बेहाल हो गया और घर में मातम छा गया।



■ सरगांव के धरदई गांव की घटना

रायपुर
मंगलवार 7 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष: 24, अंक: 82
पृष्ठ: 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 23.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# 20 साल पुराना एनजीओ घोटाला, सीबीआई का समाज कल्याण विभाग में छापा, दस्तावेज जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज कल्याण विभाग में वर्ष 2004 में एनजीओ घोटाले की जांच करने सोमवार को भोपाल से सीबीआई की चार सदस्यीय टीम माना स्थित कार्यालय में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। दो घंटे चली छापे की कार्रवाई में सीबीआई ने समाज कल्याण विभाग से दो दशक पुराने घोटाले से संबंधित फाइल पड़ताल करने के बाद जब्त कर अपने साथ ले गई। छापे की कार्रवाई करने सीबीआई की टीम कार्यालयीन समय में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय पहुंची। कार्यालय पहुंचने के बाद सीबीआई के अफसर फाइलों की जांच में जुट गए। बताया जा रहा है, सीबीआई की टीम जांच करने पहुंची तब समाज कल्याण विभाग के डायरेक्टर अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर विभाग के डायरेक्टर कार्यालय पहुंचे। सीबीआई की टीम द्वारा विभागीय अफसर से पूछताछ किए जाने की बात सामने आई है। सीबीआई की टीम समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में दूसरी बार छापे की कार्रवाई करने पहुंची।

- माना स्थित कार्यालय में घोटाले से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लौटी टीम

## भोपाल से चार सदस्यीय टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची

### एक हजार करोड़ घोटाला का आरोप

आरोप है कि राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस अफसरों ने फर्जी एनजीओ बनाकर समाज कल्याण विभाग में एक हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया है। अफसरों ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए बनाए गए स्टेट रिसोर्स इंस्टिट्यूट (राज्य स्रोत निशक्तजन संस्थान) जैसे फर्जी एनजीओ बनाकर सरकारी फंड का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया।




### इन अधिकारियों पर घोटाले का आरोप

वर्ष 2004 में हुए एनजीओ घोटाले में पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड, आईएएस एमके राउत, डा.आलोक शुक्ला, सुनील कुजूर, बीएल अग्रवाल सहित 11 वरिष्ठ आईएएस और राज्य सेवा से जुड़े सतीश पांडेय, पीपी श्रोती के साथ राजेश तिवारी, अशोक तिवारी, हरमन खलखो, एमएल पांडेय और पंकज ▶▶| शेष पेज 7 पर

फैक्ट फाइल

### घोटाले की टाइमलाइन

- 16 नवंबर 2004 कागजों पर दिव्यांगों के लिए एसआरसी, पीआरआरसी नाम से 2 संस्थाएं बनाकर 2020 तक घोटाला किया।
- 2004 में एनजीओ का संचालन सरकारी विभाग जैसा किया गया और 2020 तक कर्मचारियों की 2 जगहों से वेतन निकाला गया।
- 2008 से 2012 तक कुंदन ठाकुर नौकरी कर रहे थे। कुंदन को अपने दो जगह नौकरी करने की 4 साल बाद जानकारी मिली। इसके बाद कुंदन ने आरटीआई के जरिए जानकारी निकाली। इसी तरह से रायपुर में 14, बिलासपुर में 16 अन्य कर्मचारी भी 2 जगह से वेतन निकाले जाने की जानकारा सामने आई।
- 28 सितंबर 2018 को मुख्य सचिव अजय सिंह ने एनजीओ के नियमित बैठक और ऑडिट करने के निर्देश दिए।
- 30 जनवरी 2020 हाईकोर्ट ने कुंदन की याचिका को जनहित याचिका (पीआईएल) में तब्दील किया और सीबीआई जांच के आदेश दिए।
- 25 सितंबर 2025 को बिलासपुर हाईकोर्ट ने दोबारा सीबीआई जांच के आदेश दिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अभिनेता रजनीकांत ने बदरीनाथ के किए दर्शन



**गोपेश्वर।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने सोमवार को उत्तराखंड में भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए। रजनीकांत सोमवार सुबह चमोली जिले स्थित बदरीनाथ धाम पहुंचे और भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर उनकी पूजा की। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ पहुंचने पर रजनीकांत का स्वागत किया। उन्होंने रजनीकांत को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भी भेंट किया। तमिल फिल्मों के दिग्गज कलाकार रजनीकांत अक्सर उत्तराखंड के तीर्थस्थलों में दर्शन के लिए आते रहते हैं।

### चार शहरों से अयोध्या के लिए डायरेक्ट फ्लाइट

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने दिवाली के खास मौके पर अयोध्या के लिए स्पेशल फ्लाइट्स शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने अयोध्या को दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद और हैदराबाद से जोड़ने वाली रोजाना स्पेशल दिवाली फ्लाइट्स शुरू करने का ऐलान किया है, जो 8 अक्टूबर 2025 से शुरू होने जा रही हैं। ये नई फ्लाइट्स फेज़ वाइज़ शुरू होंगी और श्रद्धालुओं व टूरिस्ट्स को अयोध्या तक पहुंचने का मौका देंगी।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान करंट से दो की मौत

**जबलपुर।** जबलपुर शहर में विसर्जन के लिए देवी दुर्गा की मूर्ति ले जा रहे एक ट्रक के हाई-टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।



घटना रविवार देर रात गौरा बाजार इलाके में हुई जब मूर्ति ले जा रहे ट्रक का एक पाइप बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे करंट फैल गया। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 10 से 15 लोग करंट लगने से घायल हो गए।

## जयपुर में बड़ा हादसा, अधीक्षक और ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज हटाए गए

# एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग, आठ मरीजों की चली गई जान

राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) में लापरवाही की हद हो गई। रविवार की देर रात को ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में आग लग गई। कुछ ही मिनट में आग ने भीषण रूप ले लिया। आग के कारण ट्रॉमा सेंटर के कई वार्डों में धुआं ही धुआं भर गया। मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आठ मरीजों की मौत हो गई जबकि पांच मरीज गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात आग लगने से, गंभीर रूप से बीमार कम से कम आठ मरीजों की मौत हो गई। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 13 मरीजों का इलाज हो रहा था। उन्होंने कहा, आठ की मौत हो गई और पांच का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगने का संभावित कारण 'शॉर्ट सर्किट' माना जा रहा है।

- रात 11 बजे धुआं निकलना शुरू हुआ

हादसे में आठ लोगों के मरने की खबर है, लेकिन डॉ. धाकड़ और एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर निवासी), दिलीप (आंधी, जयपुर निवासी), श्रीनाथ, रुक्मिणी, खुरमा (सभी भरतपुर निवासी) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर निवासी) के रूप में हुई है। डॉ. धाकड़ ने बताया कि आईसीयू में 11 मरीज भर्ती थे जिनमें से छह की मौत हो गई।

## मरीजों को बेड सहित लेकर भागे तीमारदार



### धुआं के बाद अफरा-तफरी

आग लगने से इमारत में अफरा-तफरी मच गई, धुआं तेजी से पूरी मंजिल पर फैल गया और मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। आग में कई दस्तावेज, आईसीयू उपकरण व अन्य सामान जलकर खाक हो गए। अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों के तीमारदारों ने मरीजों को बाहर निकाला।





### आग बुझाने के पर्याप्त साधन नहीं थे

अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग पर काबू पाने के पर्याप्त संसाधन ही नहीं थे। अगर फायर फायटिंग सिस्टम आईसीयू के पास पर्याप्त संख्या में होते तो आग पर तुरंत काबू पाया जा सकता था। जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर की न्यूरो आईसीयू में रविवार देर रात हुए इस हादसे में अब तक 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 3 महिलाएं शामिल हैं।

परिजनों का छलका दर्द

### स्टाफ ने नहीं की कोई मदद

इस अग्निकांड में भरतपुर निवासी श्रीनाथ की मौत हो गई। श्रीनाथ के परिजनों का कहना है कि आग लगने के बाद एसएमएस अस्पताल के स्टाफ ने उनकी कोई मदद नहीं की। रात्रि के समय आईसीयू में मरीज के पास किसी को ठहरने भी नहीं दिया जाता। स्टाफ ने कोई मदद नहीं की।

### पाइप पिघलने लगा लेकिन 20 मिनट तक कोई एक्शन नहीं

भरतपुर निवासी मरीज के परिजन शेरू का कहना है कि उन्होंने सूचना दे दी थी लेकिन उसके 20 मिनट बाद तक किसी ने एक्शन नहीं लिया। जब प्लास्टिक की पाइप पिघल कर गिरने लगी। तब वार्ड में मौजूद स्टाफ बचाव के उपाय करने के बजाय भागने लगे।

### मोदी-शाह ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस त्रासदी पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

### सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल

जयपुर की टोंक रोड पर स्थित एसएमएस अस्पताल राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है जहां राज्य भर के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अन्य जिलों से भी एसएमएस अस्पताल रेफर किया जाता है।

अस्पताल में तड़पता रहा

## पहाड़ी कोरवा मरीज को 24 घंटे तक नहीं मिली एंबुलेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में संजीवनी 108 एंबुलेंस को लेकर स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अभी भी गंभीर स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस के लिए या तो घंटों इंतजार करना पड़ रहा है या फिर उन्हें निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है। जिले में एक बार फिर से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लापरवाही का एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां एक पहाड़ी कोरवा ग्रामीण को एंबुलेंस के लिए 24 घंटे तक इन्तजार करना पड़ा। एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण गंभीर रूप से घायल मरीज बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में पूरे एक दिन तड़पता रहा। इस दौरान अधिकारी और कंपनी के लोग एंबुलेंस के प्रोटोकॉल में व्यस्त होने का हावाला देते रहे लेकिन के युवक के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं की गई।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### घंटों जिंदगी के लिए जूझता रहा युवक

सबसे बड़ी बात यह है कि पहाड़ी कोरवा युवक की हालत नाजुक थी और उसके उसे बिना ऑक्सीजन और वेंटीलेटर के रायपुर नहीं ले जाया जा सकता था। परिजन का कहना है कि उन्होंने संजीवनी 108 में हों किया लेकिन उन्हें कह दिया गया कि वे प्रोटोकॉल में व्यस्त है इस लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं करा सकते। इसके साथ ही उन्होंने इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी दी लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने भी अपने हाथ खड़े कर लिए। पहाड़ी कोरवा युवक गंभीर रूप से घायल था।

### उपलब्ध कराई गई है एंबुलेंस

मरीज को एंबुलेंस उपलब्ध करा दी गई है। उसे आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया था। दोपहर 3.30 बजे से रायपुर रिफर कर दिया गया है। अस्पताल में एक ही वेंटीलेटर एम्बुलेंस है।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति से की सौजन्य भेंट

## साय ने दिया राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृणन से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों ▶▶| शेष पेज 7 पर

- मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात





## ईडी अधिकारियों पर कांग्रेस नेता ने लगाया मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में कृषि उपकरण सप्लाई केस में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों पर मारपीट करने का आरोप है। कांग्रेस नेता हेमंत चंद्राकर ने ईडी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। कोर्ट में कहा गया है कि ईडी के डिप्टी डायरेक्टर नीरज सिंह ने थप्पड़ मारा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत अन्य लोगों के नाम लेने का दबाव बनाया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा की बेंच ने कहा कि जिस अधिकारी ने मारपीट की है, उसके खिलाफ रायपुर की ईडी कोर्ट के मजिस्ट्रेट के पास एक आवेदन दाखिल करें। साथ ही मेडिकल जांच के लिए भी एक ▶▶| शेष पेज 7 पर

- हाईकोर्ट ने मेडिकल चेकअप कराने और आवेदन करने कहा

कफ सिरप से छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत पर राज्य सरकार गंभीर, जारी हुआ निर्देश

## दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए खांसी के सिरप बैन, छत्तीसगढ़ में लिए गए सेंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जहरीले कफ-सिरप से छिंदवाड़ा और राजस्थान में बच्चों की मौत पर गंभीर छत्तीसगढ़ सरकार ने दो साल से कम आयु वाले बच्चों के लिए खांसी के सिरप पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा औषधि विभाग की टीम छत्तीसगढ़ की दवा दुकानों और फैक्ट्रियों से कफ सिरप के सैंपल लेकर जांच कर रही है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

- अपने आप ठीक होता है बच्चों का खांसी-जुकाम




### जानलेवा सिरप की सरकारी आपूर्ति नहीं

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि जिन दो कंपनियों के विरुद्ध अन्य राज्यों में कार्रवाई की गई है, उनकी राज्य में किसी भी प्रकार की सरकारी आपूर्ति नहीं रही है। ये कंपनियाँ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नशे के लिए होता है उपयोग


खांसी कम करने के लिए उपयोग की जाने सिरप का उपयोग नशे के लिए भी किया जाता है। पुलिस द्वारा कई बार कोडिन सिरप की बिक्री नशेड़ियों को करने वाले बदमाशों को पकड़ा है। आम तौर पर यह दवा बिना चिकित्सकीय पर्ची के बेचना प्रतिबंधित है मगर गिरोह बनाकर बदमाश की तस्करी करते हैं।

'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' : तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

## इम्यून सेल के हमले रोकने वाली टी-कोशिकाएं खोजीं, मिला नोबेल

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई। 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' या परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता एक ऐसा तरीका है, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को अनियंत्रित होने और बाहरी आक्रमणकारियों के बजाय अपने ही ऊतकों पर हमला करने से रोकने में मदद मिलती है। यह वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कारों की पहली घोषणा है और स्टॉकहोम के कारोलिंस्का संस्थान में एक समिति ने नाम घोषित किए। पिछले साल का पुरस्कार अमेरिकी नागरिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी ▶▶| शेष पेज 7 पर




### 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह

पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जो इन पुरस्कारों की स्थापना करने वाले अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। पुरस्कार के तौर पर 10.3 करोड़ रुपए, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट इनाम के तौर पर दिया जाएगा। नोबेल एक संपन्न स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे। उनका निधन 1896 में हुआ था।

ऐसी खोज

### कैंसर-ऑटोइम्यून रोगों के इलाज में मददगार

ब्रंको, राम्सडेल और साकागुची ने इम्यून सिस्टम के 'सुरक्षा गार्ड' यानी रेगुलेटरी टी-सेल्स की पहचान की, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि इम्यून सेल हमारे अपने शरीर पर हमला न करें। इसके आधार पर कैंसर और ऑटोइम्यून रोगों के इलाज खोजे जा रहे हैं। इसके अलावा इन खोजों की मदद से ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन (अंग प्रत्यारोपण) में भी मदद मिल रही है। इसके अलावा कई इलाज अब क्लिनिकल ट्रायल के दौर से गुजर रहे हैं।

*हाईकोर्ट ने खारिज की, कहा-पति से अलग रहने के लिए ठोस कारण जरूरी*

## मनमुटाव या असहजता से अलग हुई पत्नी को नहीं मिलेगा गुजारा भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि अगर पत्नी बिना पर्याप्त कारण के पति का साथ छोड़ देती है, तो उसे गुजारा भत्ता का अधिकार नहीं होगा। अदालत ने रायगढ़ निवासी एक महिला की अपील खारिज करते हुए पारिवारिक न्यायालय (फैमिली कोर्ट) के आदेश को सही ठहराया है। रायगढ़ की एक महिला ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उसे भरण-पोषण भत्ता देने से मना किया गया था। महिला का आरोप था कि पति और ससुरालवालों ने दहेज की मांग और प्रताड़ना के चलते उसे मायके भेज दिया। वहीं, पति का कहना था कि पत्नी अपनी मर्जी से अलग रह रही है और उसके पास ऐसा करने के लिए कोई वैधानिक या पर्याप्त कारण नहीं है। न्यायमूर्ति ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि ▶▶| शेष पेज 7 पर



### *ऐसे में लागू होगा भरण-पोषण का अधिकार*

*हाईकोर्ट ने कहा कि भरण-पोषण का अधिकार तभी लागू होता है, जब पत्नी यह साबित कर सके कि वह अत्याचार, असुरक्षा या गंभीर उत्पीड़न जैसी परिस्थितियों के कारण पति के साथ नहीं रह पा रही थी। केवल "मनमुटाव" या "असहजता" को अलग रहने का कारण नहीं माना जा सकता।*



## दार्जिलिंग में तीस्ता नदी पर बने दुधिया लोहे का पुल ढहा

## पर्यटक स्थल और टॉय ट्रेन सेवा बंद

# उत्तर बंगाल में सड़कें-पुल ध्वस्त, कटा संपर्क



हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिए यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी, जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें




संकलित

**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

# जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें




संकलित

**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता में सुधार हो

राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरफ की दवा के सेवन के बाद बच्चो की हुई मौते से सनसनी फैल गई है।मासूम बच्चो की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। चिकित्सक भगवान का रूप माना गया है। आज भी देश में डॉक्टर को नेक्सट टू गॉड की उपमा दी जाती है। देश में हजारो किस्म की दवाइयां निर्मित हो रही है। विदेशो से भी दवाईंया आयात की जा रही है। आज वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में दवा संजीवनी का काम करती है। देश के दवा कम्पनियों की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए समय समय पर जांच होनी चाहिए। दवा की गुणवत्ता, दवा की मिलावट, दवा आपूर्ति में लापरवाही और विपणन प्रथाओं के लिए नियम सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मरीज को पूरा भरोसा अपने डॉक्टर पर होता है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### टीएमसी का जंगलराज



बंगाल में एक बार फिर उजागर हुआ टीएमसी का जंगलराज ! बाढ़ राहत कार्य में जुटे भाजपा सांसद व आदिवासी नेता खगेन मुर्मू पर टीएमसी गुंडों द्वारा जानलेवा हमला अतिनिंदनीय है। आज बंगाल का शासन निष्ठुर हो गया है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### मियाजी ताकुमा से चर्चा



जापान के विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भागीदार देश बनने का आमंत्रण दिया।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पैरा एथलीटों को बधाई



नई दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे पैरा एथलीटों को हार्दिक बधाई, जिन्होंने पदक जीतकर देश का मनोबल बढ़ाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आपका धैर्य, समर्पण और उत्कृष्टता हर भारतीय के लिए प्रेरणा है।

**- भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात**

### हमले का प्रयास शर्मनाक




आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर


# अमेरिकी सील ने लादेन के सिर में गोली मारी थी: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर धावा बोलने और उसके सिर में गोली मारने वाले अमेरिकी नेवी सील के जवान थे। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि 2001 में अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स पर हमले से एक साल पहले ही उन्होंने लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। अमेरिकी नौसेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष समारोह के दौरान रविवार को वर्जीनिया के नॉरफोक में ट्रंप ने कहा, 'इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि वो नेवी सील के जवान थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन के परिसर में घुसकर उसके सिर में गोली मारी थी। याद रखिएगा।' ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 9/11 हमले से एक साल पहले ही अधिकारियों से लादेन पर नजर रखने को कहा था। उन्होंने कहा, 'कृपया याद रखें, मैंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से ठीक एक साल पहले ओसामा बिन लादेन के बारे में लिखा था। मैंने कहा था, 'आपको ओसामा बिन लादेन पर नज़र रखनी होगी।' मैंने एक साल पहले कहा था कि मैंने ओसामा नाम के एक व्यक्ति को देखा है और मुझे वह पसंद नहीं आया। मैंने कहा था कि उस पर नजर रखनी होगी।'

## ऑफ बीट

# क्या बच्चों को विटामिन वाले पूरक आहार देने की जरूरत है



यह सत्य है कि बच्चों को स्वस्थ विकास के लिए विटामिन ए, बी, सी, डी, ई और के के साथ-साथ फोलिक एसिड, कैल्शियम, आयोडीन, आयरन और जिंक जैसे विटामिन और खनिजों की एक विस्तृत श्रृंखला की आवश्यकता होती है। ये पोषक तत्व मस्तिष्क और तंत्रिका तंतुओं के विकास, दृष्टि, हड्डियों की मजबूती, प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिज्म यानी चयापचय और स्वस्थ वजन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, अधिकतर स्वस्थ बच्चों के लिए, ये पोषक तत्व खाद्य पदार्थों से मिल सकते हैं – न कि सप्लीमेंट्स से। यह भी सही है कि चुनिंदा तरीके से खाने की आदतों वाले बच्चे भी सामान्यतः रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों से पर्याप्त पोषण प्राप्त कर लेते हैं, जिनमें से कई में पोषक तत्वों को अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाता है। सामान्य खाद्य पदार्थ जैसे नाश्ते के अनाज, दूध और रोटी में अक्सर विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम और आयोडीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। सप्लीमेंट्स के बारे में विज्ञान क्या कहता है। हालांकि कई बच्चों के सप्लीमेंट्स प्रतिरक्षा, वृद्धि या समग्र विकास का दावा करते हैं, लेकिन इस बात का कोई मजबूत वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करते हैं या स्वस्थ बच्चों में बीमारियों को रोकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## नशा व रफ्तार का कहर

# हाईस्पीड कार ने राहगीरों को रौंदा, एक की मौत

**धमतरी।** तेज रफ्तार कार ने भटगांव रोड में एक के बाद एक लगभग पांच से अधिक राहगीरों को चपेट में ले लिया।



इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि नशे में धुत एक कार चालक ने भटगांव मार्ग में जमकर तांडव मचाया है। तेज रफ्तार कार पहले एक राहगीर को चपेट में लेकर उससे लगभग 300 मीटर घसीटती चली गई। इस घटना के बाद कार चालक पांच राहगीरों को रौंदता चला गया। सबसे पहले कार चालक ने पैदल जा रहे पेन्डरवानी के एक व्यक्ति को चपेट में लिया। ग्राम पेन्डरवानी थाना गुरूर निवासी कांशीराम साहू पिता धमकराम उम्र 55 वर्ष रविवार को पत्नी गोदावरी साहू के साथ अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में ग्राम सोरम आया था। जहां से रात्रि में कांशीराम अपने ससुराल भटगांव जा रहा था। इसी दौरान कपड़ों के गट्ठे से लदी इक्को कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 0364 के चालक ने कांशीराम को ठोकर मार दी। चालक कार को भगाते हुए निकल रहा था।

## अंडा ठेला में महिला से माचिस मागंने को लेकर हुआ था विवाद

# ऑटो चालक की हत्या मामले में तीन नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मृतक के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज, आरोपी न्यायालय में पेश




दंतेश्वरी मंदिर के करीब दशहरा पसरा में शनिवार रात को ऑटो चालक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है। मामले में तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा, चाकू के अलावा दुपहिया बाइक व एक्टिवा वाहन जब्त किया है। घटना दिनांक को मृतक घटनास्थल के करीब अण्डा ठेले में माचिस मांगने गया हुआ था। जहां महिला संचालिका द्वारा मना करने के बाद उसने अभद्र व्यवहार किया गया था। वहीं मौके पर मौजूद महिला के भाई के साथ उसका विवाद हुआ और उसने अपने अन्य परिचितों को मौके पर बुलाया। सभी ने मिलकर उस पर हमला कर दिया जिसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक ने दम तोड़ दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा आरोपीयों की शीध्र गिरफ्तारी के लिए एएसपी महेश्वर नाग व सीएसपी सुमीतकुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना कोतवाली भोलासिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि मामले 6 अक्टूबर को प्रार्थी राजेश बघेल पिता स्वयंबर बघेल 30 वर्ष निवासी रेल्वे कालोनी झोपड़ी पारा जगदलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई करन बघेल 4 अक्टूबर की दोपहर तीन बजे सिनेमा देखने के लिए जा रहा हूं कहकर निकला था। पांच अक्टूबर की रात लगभग 1:30 बजे परिचित देवेष दुबे ने मोबाइल पर फोन कर बताया कि उसके भाई करण बघेल को किसी ने पुराना तहसील कार्यालय स्थित दशहरा पसरा मे हत्या कर दी है।

## बुजुर्ग महिला की हत्या, संदिग्ध हालात में मिली लाश

**बालोद/डौंडीलोहारा।** देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम रानीतराई (रोड) में हत्या की सनसनीखेज वारदात से गांव में दहशत का माहौल है। गांव की 65 वर्षीया कोटवारिन की बेरहमी से हत्या दो से तीन दिन पहले कर दी गई थी। जिसकी जानकारी देर से सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। राजनांदगांव से अंतागढ़ स्टेट हाईवे के रानीतराई रोड पर शासकीय कोतवाल का कार्य करने वाली देवबती पति जैनसिंग बया महिला उम्र 65 वर्ष की लाश घर में प्राप्त हुई है। वह घर में अकेली रहती थी। सोमवार को लाश से बदबू आने पर पड़ोसियों को शंका हुई। घर के बाहर ताला लटका था। लाश दो-तीन दिन पुरानी है। पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं पर बारिकी से तफ्तीश कर रही है। ग्रामीणों से पूछताछ जारी है।

# रुद्री पहुंचा गजराज, मचा हड़कंप



- रूद्री से गोकुलपुर होते हुए दंतैल बिलाईमाता मंदिर चौक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

गंगरेल क्षेत्र में भटक रहा दंतैल हाथी भटकते हुए रूद्री कलेक्टर बंगला के पास पहुंच गया। घनी आबादी और ऑफिसियल रेसिडेंस में दंतैल हाथी के पहुंचने से हड़कंप मच गया है। शाम तक हाथी नहर के आसपास इलाके में डेरा जमाया हुआ था। वन विभाग, पुलिस की टीम सुरक्षा में जुट गई थी।

लंबे समय से एक दंतैल हाथी गंगरेल बांध क्षेत्र में विचरण कर रहा है। डांगीमाचा, विश्रामपुरी सहित वन क्षेत्र में घूम रहा है। कई बार यह गंगरेल में माता अंगारमोती मंदिर प्रांगण तक भी पहुंच गया था। अब और आगे बढ़ते हुए यह हाथी रूद्री तक पहुंच गया। पुलिस लाइन और कलेक्टर बंगला के बीच घूम रहा था। यह रूद्री मुख्य सड़क पर भी पहुंच गया। पुलिस गाड़ी से सायरन बजाकर हाथी को भगाने की कोशिश की गई, लेकिन गाड़ी की हेडलाइट, टार्च की रोशनी से हाथी भड़क गया और उल्टे पुलिस गाड़ी को दौड़ाया। रूद्री घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के साथ न्यायाधीश, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य वीआईपी का निवास स्थान है। हाथी कलेक्टर बंगला के सामने रोड तक पहुंच गया। इससे पूरे इलाके में दहशत है। वहीं कई लोग हाथी को देखने के लिए भी घरों से बाहर आ गए थे। रूद्री चौक में काफी भीड़ एकत्रित थी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा

E-Mail ID - cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com

क्रमांक /2087/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 **ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना** चांपा दिनांक 06/10/2025

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर, नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड /सबमिट करने की अंतिम तिथि | Physical Doc Submission End Date | Online Bid Open Date (Scheduled) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177105 | नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रांतर्गत हनुमानघारा का सौदर्यीकरण कार्य। (First Call) | 276.10 | दिनांक 29.10.2025 समय 17:30 P.M. | 03.11.2025 Time 15.30 pm | 04.11.2025 Time 11.00 am. |
| 2 | 177128 | CONSTRUCTION OF WATER TREATMENT PLANT 2.50 MLD AT WARD NO. 01 (SURVEY, DESIGNING & OPERATION AND MAINTAINANCE). (Second Call) | 184.58 | दिनांक 24.10.2025 समय 17:30 P.M. | 27.10.2025 Time 15.30 pm | 29.10.2025 Time 11.00 am. |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal : http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in मे डाउनलोड/देखी जा सकती है। इस निविदा एवं निर्माण / मरम्मत / विस्तार कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद चांपा**

## ।। कार्यालय, जिला परिषद्, दुमका ।।

E-mail- z.pdumka2014@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

**Ref. PR No-362456 DISTRICT (25-26)_D**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित **ई0-निविदा** आमंत्रण सूचना संख्या- **ZP-DUM-06/2025-26/Re-01** में निम्न रूपेण तिथि संशोधन किया जाता है :-

| क्रं० | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-27.09.2025 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-08.10.2025 |
| 2 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-दिनांक 06.10.2025 (अपराह्न 3:00 बजे अपराह्न तक)। | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-दिनांक 15.10.2025 (अपराह्न 3:00 बजे तक)। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि एवं समयः- दिनांक-08.10.2025 (समय 2:00 बजे अपराह्न)। | निविदा खुलने की तिथि एवं समयः- दिनांक-17.10.2025 (समय 2:00 बजे अपराह्न)। |

श्री असीम बिरूआ
जिला अभियंता,
जिला परिषद, दुमका

PR 363282 District(25-26).D

## कार्यालय जिला पंचायत रायपुर (छ.ग.)

Ph.no. - 0771-2426739, Fax No. - 2422124, Email- zp-raipur.cg@nic.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

क्रमांक 3438 / प्र.म. आयो. - ग्रा./ जि.पं. / 2025 रायपुर, दिनांक 30/09/2925

कार्यालय जिला पंचायत रायपुर के पत्र क्र. / 3823/PMAY-G / जि.प./ 2024 रायपुर दिनांक 03/10/2024 के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिला / जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन में जिला / जनपद स्तर पर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड 03 के लिये एक भी पात्र उम्मीदवार नहीं मिलने के कारण जिला एवं जनपद स्तर पर निम्नानुसार पदों की संविदा भर्ती हेतु पुनः विज्ञापन जारी किया जा रहा । जिसका विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | पद का नाम | जिला / जनपद स्तर | अनारक्षित | | अ. जा. वर्ग | | अ.ज.जा. वर्ग | | अ.पि.वर्ग | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | सहायक ग्रेड- 03 | जिला स्तर | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| 2 | डाटा एंट्री आपरेटर | जिला / जनपद स्तर | 1 | - | 1 | - | 1 | - | 1 | - | 4 | - |

योजनांतर्गत संविदा पदों की पूर्ति के लिये निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र दिनांक 15.10.2025 शाम 05.30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर के नाम से प्रेषित किया जावे। अधिक जानकारी के लिए रायपुर के वेब साईट www.raipur.nic.in एवं https://raipur.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। जानकारी जिला पंचायत के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत रायपुर (छ.ग.)**

S-45485/2

## Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh Directorate of Geology & Mining, Indravati Bhavan, Block-4, Second Floor, Nawa Raipur Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh - 492002, India

**05 October 2025** :: **Notice Inviting Tender** ::

**Invitation for bids for grant of mining leases for 02 limestone blocks and composite licences for 01 iron ore block, 01 gold and associated base metals block, and 01 base metal and associated minerals block**

In exercise of the powers conferred by Sections 10B and 11 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957, and in accordance with the Mineral (Auction) Rules, 2015 (as amended from time to time) notified thereunder, the Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh, has identified the following mineral blocks for grant of mining lease/composite licence through electronic auction and hereby invites bids for the purpose of granting mining lease/composite licence:

| Sl No | Name of the Block | Mineral | District | Type of mineral concession | Area (Ha) | Level of Exploration | Tender Price (INR)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhikuria-Chhanta limestone block | Limestone | Kabirdham | ML | 399.178 | G2 | 02 Lkh |
| 2 | Jagmadwa-Hanaibandh - Mardkathera limestone block | Limestone | Khairagarh-Chhuikhadan -Gandai | ML | 304.209 | G2 | 02 Lkh |
| 3 | Gopaltola Iron ore block | Iron Ore | Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai | CL | 1217 | G4 | 05 Lkh |
| 4 | Karankhol-Rachpalpur Gold and Associated Base Metal Block | Gold and Associated Base Metals | Mahasamund | CL | 150.552 | G3 | 01 Lkh |
| 5 | Dhulangi Basemetal and Associate Mineral Block | Base metal and Associated Minerals | Balrampur | CL | 150 | G3 | 01 Lkh |

*Excluding GST

Accordingly, Financial bids are invited in digital format only and technical bids are invited both in digital and physical format from Eligible bidders.

Terms and conditions, deadlines etc. for participating in the electronic auction are provided in the Tender Document. The Model Tender Document for the mineral blocks and mineral block summary are available free of cost in electronic form and can be downloaded from the website of MSTC Ltd. (https://mstcecommerce.com/ auctionhome/mlcin/index.jsp) and websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh (www.chhattisgarhmines.gov.in) for the purpose of information only.

Those interested and eligible for bidding can participate in the bidding only after online purchase of the Tender Document on payment of the non-refundable tender fee as mentioned above (Applicable Goods and Service Tax(GST) shall be payable on Reverse Charge Mechanism), from the website of e-auction platform provider MSTC Ltd. Bidder shall be able to make payment of the Tender Document fee through RTGS/ net banking (through the payment gateway of e-auction platform). After registration at MSTC website, interested & eligible bidders can purchase the Tender Document. On successful registration, eligible bidders will obtain Login ID and password necessary for participation in the e- auction process.

The last date for online purchase of Tender Document is Monday, 17 November 2025, and the last date for submission of the bid is 15:00 Hours IST on Wednesday, 19 November 2025. Any further communications, amendments etc. shall be available on the above website of MSTC and the websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh.

**Director**
**Geology & Mining, Chhattisgarh**

G-252603965/2

## ट्रैक्टर की ठोकर से युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** अपने मोटर साइकिल से काम करने जिला मुख्यालय आए युवक को ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई, जिसके बाद युवक के बड़ै भैया के द्वारा ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है, जिसमे पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सोरर निवासी गौतम मारकण्डे ने पुलिस को बताया कि 04 अक्टूबर को मेरा भाई नोमेन्द्र कुमार प्रातः 09 बजे अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 यू 0285 से हमाली काम करने बालोद आया था, जो काम करने के बाद वापस अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 यू 0285 से घर आ रहा था, ग्राम झलमला एवं ग्राम पाकुरभाट के मध्य अज्ञात ट्रेक्टर के चालक ने मेरे भाई को एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मेरे बड़े भाई के सिर के पीछे भाग एवं दाहिने पैर में गंभीर चोट लगने से ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद लाये, मेरे भाई के एक्सीडेन्ट होने की सूचना मिलने पर मैं एवं मेरे जीजा शेखर जिला अस्पताल बालोद आकर देखे तो मेरे बड़े भाई का मृत्यु हो गया था।

## चिल्फी सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार



**कवर्धा।** जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में स्थित अकलघरिया के पास बीते रविवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे के बाद फरार आरोपी ट्रक चालक को चिल्फी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस द्वारा आरोपी चालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम करीब 5.00 बजे बोलेरो वाहन में सवार होकर करीब नौ लोग मध्यप्रदेश के कान्हा से घूमकर चिल्फीघाटी होते हुए बिलासपुर जा रहे थे। इसी दौरान चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अकलघरिया के पास विपरीत दिशा से आ रही एक रॉग साईड ट्रक से तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की सीधी भिड़ंत हो गई। दोनो वाहनो के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी की बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार तीन महिला, एक पुरूष और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल चिल्फी पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शव व घायलों को दुर्घटना ग्रस्त बोलेरो वाहन से निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने अब दबोच लिया है और उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 52 के पास सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि रंजन मंडल मोटर सायकल में सवार होकर घर से पीव्ही 51 की ओर जा रहा था। पीव्ही 52 जयपुर हर्षित मालाकर के घर के सामने मेन रोड मे पहुंचा था की विपरीत दिशा से आ रही वाहन चालक विप्रो सरकार के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रंजन मंडल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

**NIT No: 69/LBldg/EEC-IV/CE/NRANVP/2025-26,**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Date: 06.10.2025**

**Name of Work: "Construction of Library Building at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)".**

Estimated cost: **INR 15.80 Crs,** EMD: **INR 16.00 Lakhs/-** Period of Completion: **15 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 29.10.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

**Chief Engineer**
**NRANVP**

S-45488/1

## कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Phone & Fax No. 07856252237, E-Mail address-ddusdant.cg@nic.in

क्रमांक / 2035/ डी.एम.एफ./निविदा / 2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 03/10/2025

**Re-TENDER NOTICE**

वर्ष 2024-25 DMF मद अंतर्गत कुक्कुट प्रोत्साहन के पोल्ट्री चूजा प्रदाय कार्य के क्रय हेतु निर्माता फर्मों अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करें निविदा के लिए 750.00 ( अक्षरी एक हजार पाँच सौ रू० मात्र ) नगद या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान कर दिनांक 06.10.2025 सायं 6.30 बजे तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है डाक से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु डाक व्यय रूपये 200.00 (अक्षरी रुपये दो सौ मात्र ) का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय की देय राशि वापसी योग्य नहीं होगी। डाक द्वारा प्रेशित निविदाओं में किसी भी प्रकार के विलंब के लिये कार्यालय जवाबदार नहीं होगा। निविदा प्रपत्र का अवलोकन कार्यालयीन दिवस एवं समय में किया जा सकता है। जिसमें क्रय किये जाने वाले सामग्री का नाम अनुमानित मात्रा एवं जमा की जाने वाली धरोहर राशि के साथ-साथ निविदा शर्तो का उल्लेख किया गया है। Poultry Tender (Broiler Chicks)

निविदा का विवरण:- 1 - Broiler Chicks

| क्र. | निविदा का प्रकार | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Broiler Chicks | दिनांक 22.10.2025 सायं 5:30 बजे तक | दिनांक 24.10.2025 अपरान्ह 5:30 बजे | दिनांक 28.10.2025 अपरान्ह 4.00 बजे |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने, जमा करने, खुलने का स्थान - कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला - दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा

**नोट:-** अधिक जानकारी हेतु dantewada.nic.in का अवलोकन कर सकते है।

**उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

G-252603956/2

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्र. 14,15,16,17/व.ले.लि./2025-26 दिनांक. 03.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 24.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है-

**01. कार्य का नाम -** बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत लखराम एनीकट डाउन स्ट्रीम फ्लोर मरम्मत कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176898, अनुमानित लागत रू. 185.71 लाख, (अनुमानित लागत एस.ओ.आर.01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

**02. कार्य का नाम -** बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत बहतराई जलाशय का उन्नयन एवं नहर लाईनिंग कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176912, अनुमानित लागत रु. 304.75 लाख (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

**03. कार्य का नाम-** बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत पेण्डारी जलाशय का उन्नयन एवं नहर लाईनिंग कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176917, अनुमानित लागत रू. 265.31 लाख (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

**04. कार्य का नाम-** अरपा नदी पर पचरीघाट बैराज के बांयी तट के निचले भाग के आर.डी. 300 मी. से 1050 मी. तक प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 176918, अनुमानित लागत रु. 650.16 लाख (अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट : 1.** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**खारंग जल संसाधन संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

G-252603944/4

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

**सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- **W.R.D./M.I.D.D.D.C.DEOGHAR/$F_2$-03/2025-26 Dated :-26/09/2025**-जिसका Pr.No. 363021 Water Resource (25-26):D, द्वारा दिनांक 27.09.2025 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त सभी निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल,
दुमका शिविर देवघर

PR.NO.363381 Water Resource(25-26):D

## Police Headquarters, Chhattisgarh

Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar-492002, Chhattisgarh
Tel No: +91 771-2431210 Fax: +91 771-2511603
Website: www.cgpolicegov.in

**NOTICE INVITING TENDER**

**Date: 03/10/2025**

**Name of the work: "Selection of an agency for fleet management and operations of next phase of the CG Dial-112 Project".**

**NIT No. RFP Number- PHQ/TS/DIAL-112/317/2025**
**GeM Bid Number: GEM/2025/B/6746828 dated: 03/10/2025**

Online bids are invited from vendors who fulfils the pre-qualification criteria for the above work. Cost of the RFP document is NIL and the EMD to be submitted is INR 4 Crores and same needs to be paid as mentioned in the RFP document. For further details and to view/ download the soft copy of the RFP comprising the Bidding timelines, Eligibility, Qualification criteria and detailed Terms and Conditions, bidders are advised to visit GeM portal - https://gem.gov.in.

The pre-bid meeting will be held on Monday, October 13, 2025, at 12:00 PM at Conference Hall, Block No.1, 1st Floor, Police Headquarters, Sector-19, Nava Raipur, Chhattisgarh

Last date and time of bid submission is 23/10/2025 by 1500 Hrs. All clarifications/ corrigendum related to the RFP, if any, will be uploaded on https://gem.gov.in and it will be the sole responsibility of the bidder to check the website regularly for any updates.

**Note:** In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day.

**(Pradeep Gupta)**
**Additional Director General of Police**
**(P&P/TS)**
**Police Head Quarters, Nava Raipur (C.G.)**

G-252603959/1

## Office of the Executive Engineer, Public Works (West) Division, Sangli

**Outward No. AB/Tender/55/5269/2025**
**Date: 29.09.2025**

**Phone No. 0233-2375898, Fax-0233-2373233**
**E-mail:- westsangli.ee@mahapwd.gov.in**

**E-TENDER NOTICE NO. - 55 for 2025-26**

Executive Engineer, P.W. (West) Division, Sangli, on behalf of Public Works Department, Govt. of Maharashtra, invites offers on e-tender platform. The tender forms can be downloaded from Govt. of Maharashtra, website http://mahatenders.gov.in. The Executive Engineer, P.W. (West) Division, Sangli reserves right to accept or reject any offer. Conditional offers will not be accepted.

| Sr. No | Name of Work | Estimated Cost. (Rs. Lakh) | Class of Contractor | Remark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of High Technology Training center building, Residential building and associated amenities at Reshim Farm Mangale Tal-Shirala Dist-Sangli | Rs.290.72 (Rs. Two Crore Ninety lakh Sixty two Thousand only) | Registrations of Contractor with PWD not required. | |

| | | |
|---|---|---|
| Period of download of Tenders | From: 7.10.2025 to 15.10.2025 | |
| Pre-Bid Meeting | 10.10.2025 Time 12.30 hrs. Chief Engineer P. W. Region, Pune. (online) | |
| Opening of tenders | Date: 16.10.2025 Time :- 15.00 | Superintending Engineer P. W. Circle, Kolhapur. |

**Sd/- (K.D.Mudhale)**
**Executive Engineer,**
**Public Works (West)**
**Division, Sangli.**

ROC-2025-26/क्र.-5/C2932

**हाईकोर्ट की पहल का असर**

रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन की कीमत 71 करोड़ से घटाई

# अब 46 करोड़ जमा करने पर मिल जाएगी एयरपोर्ट विस्तार के लिए जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



**उड़ानें कम करने, नाइट लैंडिंग लाइसेंस और जमीन हस्तांतरण पर शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश**

हाईकोर्ट की पहल का असर हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन की कीमत 71 करोड़ से कम कर 46 करोड़ रुपए कर दी है। अब राज्य सरकार के 46 करोड़ रुपए जमा करने पर 290 एकड़ जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए मिल जाएगी। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग, लाइसेंस और जमीन हस्तांतरण पर राज्य के मुख्य सचिव को नया शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही एलायंस एयर के द्वारा 26 अक्टूबर से सप्ताह में तीन दिन उड़ाने बंद करने और दूसरे मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए शपथ पत्र दाखिल करने कहा गया है। राज्य सरकार की ओर से राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव विकासशील की ओर से दाखिल शपथ पत्र में रक्षा मंत्रालय के साथ बनी सहमति का उल्लेख करते हुए यह जानकारी भी दी गई कि नाइट लैंडिंग हेतु डीवीओआर मशीन स्थापना संबंधी सभी कार्य कर लिए गए है और इनका एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा इंस्पेक्शन भी कर लिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अभी भी नाइट लैंडिंग के लाइसेंस के लिए आवेदन और उसके पश्चात डीजीसीए इंस्पेक्शन जैसे कार्य लंबित है। इस पर मुख्य सचिव के शपथ पत्र में कुछ नहीं कहा गया है। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की खंडपीठ में बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से संबंधित दो जनहित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हुई। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने देश के रक्षा सचिव को और राज्य के मुख्य सचिव को एयरपोर्ट विस्तार के लिए 290 एकड़ जमीन के हस्तांतरण में आ रही मूल्यांकन की बाधा को आपस में मिलकर सुलझाने के निर्देश दिए थे।

## एयरपोर्ट रनवे और अन्य विस्तार के लिए मिलेगी जमीन

रक्षा मंत्रालय की ओर से सेना के अधिकारी द्वारा दाखिल शपथ पत्र में यह जानकारी दी गई की हाईकोर्ट के निर्देश के तारतम्य में गत 9 सितंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें देश के रक्षा सचिव और छत्तीसगढ़ की ओर से राजस्व सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन के बदले में अपनी 71 करोड रुपए को कम कर 46 करोड़ करने की छत्तीसगढ़ सरकार की मांग स्वीकार कर ली है। रक्षा मंत्रालय की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने बताया कि यह कीमत जमीन अधिग्रहण में खर्च की गई राशि और 2014 से आज तक के ब्याज के आधार पर तय किया है।

## बची हुई जमीन पर बनेगा आर्मी कैंट

**बिलासपुर।** एयरपोर्ट विस्तार के लिए 290 एकड़ जमीन मिलने के बाद भी करीब 700 एकड़ जमीन रक्षा मंत्रालय के पास चकरभाठा में बचेगी। इसी जमीन पर आर्मी कैंट बनाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली दौरे पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान की है। चकरभाठा में सेना की जमीन में डिफेंस फैक्ट्री के साथ ही आर्मी कैंट की उम्मीद इससे एक बार फिर जग गई है। रक्षा मंत्री के साथ मुलाकात में रक्षा उद्योगों के विस्तार, बस्तर में सेना भर्ती रैली के आयोजन, नौसैनिक पोतों को छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर रखने जैसे कई अहम विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान सीएम के साथ केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि, चकरभाटा में राज्य सरकार ने वर्ष 2012 में भारतीय सेना को लगभग 1171 एकड़ भूमि सौंपी थी। यह भूमि वर्तमान में सेना के पास है, किसी सक्रिय परियोजना में इसका उपयोग नहीं हो रहा है।

# बिहार में 11 उम्मीदवारों की आप ने जारी कर दी पहली लिस्ट

एजेंसी ▶▶| पटना



आम आदमी पार्टी (आप) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने बेगूसराय, कुशेश्वरस्थान, सरैया, कस्बा, बेनीपट्टी, फुलवारी शरीफ, बांकीपुर, किशनगंज सदर, परिहार, गोविंदपुर और बक्सर से अपने 11 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी अजेश यादव और अध्यक्ष राकेश यादव ने सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह सूची जारी की। सूची में डॉ॰ मीरा सिंह, योगी गोपाला, अमित कुमार सिंह, भाव भारती, शुभम यादव, अरुण कुमार रमक, डॉ॰ पंकज कुमार, अजहर आलम, अरविन्द नारायण ठाकुर, अशोक कुमार सिंह और पूर्व कैप्टन संजय सिंह के नाम शामिल हैं। आप ने साफ किया है कि वह बिहार की सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी की रणनीति दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में आजमाए गए केजरीवाल मॉडल को बिहार में लागू करने की है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का वादा किया गया है।

# महाराष्ट्र में एससी-एसटी शिक्षकों के लिए 50% आरक्षण को मंजूरी

■ **सुप्रीम कोर्ट ने दी सहमति**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में स्कूली शिक्षकों की नियुक्ति में 50% आरक्षण लागू करने की अनुमति दी है। मुख्य न्यायाधीश का कहना है कि संविधान एक स्थिर दस्तावेज़ नहीं, बल्कि एक जैविक दस्तावेज़ है। क्या आप चाहते हैं कि स्कूल बिना शिक्षकों के चलें? हम फिलहाल नियुक्ति प्रक्रिया जारी रहने देंगे। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हम 835 उम्मीदवार हैं। अनुसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। हमारा चयन 2023 में हुआ था, लेकिन हमें नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह समस्या पूरे राज्य में व्याप्त है। पालघर महाराष्ट्र का एकमात्र प्रभावित राज्य नहीं है।

**इस सप्ताह 9 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री**

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन रक्षा समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ की चुनौती, खालिस्तानियों की आक्रामकता से लेकर दुनिया के कुछ भागों में जारी संघर्षों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सप्ताह 9 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका सबसे प्रमुख आकर्षक बिंदु दोनों देशों के बीच तीन रक्षा समझौतों पर किया जाने वाला हस्ताक्षर समारोह होगा। पहला समझौता सूचना साझा करने, दूसरा समुद्री क्षेत्र और तीसरा व अंतिम समझौता संयुक्त गतिविधियों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और अधिक बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वर्ष 2014 में मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार के गठन के बाद रक्षा मंत्री सिंह की यह पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा होगी। जो एक ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर हो रही है। जब दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) के पांच साल पूरा होने का जश्न मना रहे हैं। यहां बता दें कि इस साल जून महीने में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने भारत की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की थी।

**2014 में मोदी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद हो रही रक्षा मंत्री की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा**



### दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच होगी बैठक

मंत्रालय ने ये भी बताया कि अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। साथ ही सिडनी में एक व्यापारिक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता भी उनके द्वारा की जाएगी। जिसमें भारत-ऑस्ट्रेलिया के उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया के अन्य राष्ट्रीय नेताओं से भी राजनाथ सिंह की मुलाकात होगी। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नई व सार्थक पहल की तलाश करने का अवसर प्रदान करेगी।

### रक्षा विनिर्माण पर आज राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवारको राजधानी में देश में रक्षा विनिर्माण के मौके पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। जिसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और भारत के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि सम्मेलन के दौरान स्वदेशीकरण और रक्षा निर्यात के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए चल रहे राष्ट्रीय प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन रक्षा उत्पादन विभाग करेगा। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्रालय व राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच समन्वय को सशक्त बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन में डिफेंस एक्जिम पोर्टल का रक्षा मंत्री शुभारंभ करेंगें। जिसे मुख्य रूप से आयात और निर्यात प्राधिकरण जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। साथ ही देश के रक्षा उद्योगों की क्षमताओं, उत्पादों के डिजिटल सृजन (डिफेंस इस्टेब्लिशमेंटस एंड इंअरप्रेन्योरस प्लेटफार्म) पोर्टल की भी शुरुआत की जाएगी। दो प्रमुख प्रकाशनों एयरोस्पेस एंड डिफेंस सेक्टर पालिसी कंपेंडीयम ऑफ स्टेट्स एंड यूनियन टेरेटरीज और आईडीईएक्स कॉफी टेबल बुक शेयर्ड हॉरिजंस ऑफ इनोवेशन का भी विमोचन किया जाएगा।

# राज्यसभा के नए सभापति राधाकृष्णन के सामने सदन चलाने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

## सर्वदलीय बैठक आज



राज्यसभा के नवनियुक्त सभापति सी. पी. राधाकृष्णन आज मंगलवार को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी दलों के नेताओं की एक अहम बैठक करेंगे। यह बैठक शाम 4 बजे संसद भवन में होगी और इसे सदन के सुचारू संचालन और व्यवस्थित कार्यवाही सुनिश्चित करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। यह बैठक इसलिए भी खास है क्योंकि सभापति पद संभालने के बाद राधाकृष्णन की यह दलों के नेताओं के साथ पहली औपचारिक बैठक होगी। इस बैठक का उद्देश्य सदन में सुचारू एवं संरचित चर्चा, बिना व्यवधान के कार्यवाही और बहस की गुणवत्ता और समय के अधिकतम उपयोग को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के विचार और सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से कई वरिष्ठ मंत्री शामिल होंगे, जिनमें जगत प्रकाश नड्डा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, रसायन एवं उर्वरक मंत्री और सदन के नेता, किरेन रिजिजू प्रमुख हैं।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड

:: बिजली बन्द की सूचना ::

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों में रखरखाव / सुधार कार्य हेतु नीचे दिये गये तिथि में समय सुबह 9.30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निम्न क्षेत्रों में बिजली बन्द रहेगी।

| दिनांक/दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 07.10.2025 मंगलवार | 11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड फीडर | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल पुरम, एम.आई. जी., एस.आई. जी., ईडब्लूएस कालोनी, विवेकानंद कॉलोनी, गली नं. 2,3,4,5, पी.डी. बिहार, झूलेलाल नगर, एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 08.10.2025 बुधवार | 11 के.व्ही. शांति कालोनी फीडर | शांति कालोनी, मैत्री विहार, शांति कालोनी काम्प्लेक्स, सिहावा रोड, अर्जुन रेसीडेंसी, महालक्ष्मी इन भागवत चौक, श्रीवास्तव चौक, कोष्टापारा चौक, कुम्हारपारा, इत्यादि क्षेत्र। |
| 09.10.2025 गुरुवार | 11 के.व्ही. रत्नाबांधा फीडर | रत्नाबांधा चौक, बनियापारा, जिला चिकित्सालय रोड, नेहरू गार्डन, म्युनिसिपल स्कूल, रिसाईपारा इत्यादि। |
| 10.10.2025 शुक्रवार | 11 के.व्ही. सोरिद फीडर | बस्तर रोड, सोरिद वार्ड, काली मंदिर के पीछे कालोनी, रोकडिया ट्रांसफार्मर, कचरा गोदाम, शीतला मंदिर, बागतराई रोड इत्यादि। |
| 11.10.2025 शनिवार | 11 के.व्ही. गोकुलपुर फीडर | रूद्री रोड, गोकुलपुर वार्ड, रामबाग, बिलाईमाता मंदिर, रामपुर वार्ड, ब्रम्ह चौक, सत्संग भवन एरिया, कर्मा नगर शिवाजी नगर इत्यादि। |
| 12.10.2025 रविवार | 11 के.व्ही. औद्योगिकवार्ड फीडर | बालाजी कॉलोनी, औद्योगिक वार्ड, सुंदरगंज वार्ड, एकता हॉस्पिटल, लाल बगीचा वार्ड, देवांगन चौक, खम्मन बाड़ी इत्यादि। |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

सही/- कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लि.धमतरी


## जिला कलेक्टरों के लिए 'एनएकेएसएचए' कार्यक्रम पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

*शुल्क विवाद, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ब्याज दर कटौती और अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने जैसी अस्थिरताओं ने सोने-चांदी की कीमतों को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर में कमजोरी, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी, गोल्ड-ईटीएफ की बढ़ती मांग और खुदरा निवेशकों की रुचि ने एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग बढ़ा दी।*

*अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने से चिंता बढ़ी : गांधी ने कहा कि अमेरिका में वित्तीय प्रावधान न होने से सरकारी कामकाज लंबे समय तक ठप होने की आशंका से आर्थिक प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। सोने की मांग बढ़ रही है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 51,350 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 65.04 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। सोने का भाव दिसंबर, 2024 में 78,950 प्रति 10 ग्राम पर था। डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट : अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई गिरावट ने इस तेज उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। एचडीएफसी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'सोना नए रिकॉर्ड पर पहुंचा है क्योंकि निवेशक अब भी इस कीमती धातु में दिलचस्पी बनाए हुए हैं। उन्हें भविष्य में इसके दाम और भी बढ़ने की उम्मीद है।'*

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना दो फीसदी चढ़ा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,949.58 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ 48.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज की सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाल ने कहा, /"अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने के छठे दिन हाजिर सोना ने पहली बार 3,940 डॉलर प्रति औंस का स्तर पार किया।/" इस बीच, सोना एवं चांदी के वायदा भाव भी नए शिखर पर पहुंच गए।

### वर्ष में चांदी की कीमत 67,700 रुपए प्रति किलो बढ़ी

सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 7,400 रुपये उछलकर 1,57,400 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,50,000 रुपये प्रति किलो थी। चालू वर्ष में चांदी की कीमतें 67,700 रुपये यानी 75.47 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। दिसंबर 2024 के अंत में चांदी 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर थी।

### सोने में दिसंबर वायदा अनुबंध बढ़कर

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के दिसंबर आपूर्ति वाले वायदा अनुबंध की कीमत 1,962 रुपये यानी 1.66 प्रतिशत चढ़कर 1,20,075 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सोना के फरवरी 2026 आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव भी 2,047 रुपये यानी 1.71 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 1,21,380 प्रति 10 ग्राम हो गया।

# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स 583 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार
- आईटी और वित्तीय शेयरों में खरीदारी निकली

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया।

### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक लगभग पांच प्रतिशत उछल गया, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।


## बिजनेस साइट

### उज्जवल ज्वेलर्स का प्री-बुकिंग ऑफर: बढ़ती सोने की कीमतों को मात देने का सुनहरा मौका

**रायपुर।** बढ़ती सोने की कीमतों के बीच त्योहारी सीजन में ग्राहकों को राहत देने के उद्देश्य से उज्जवल ज्वेलर्स ने एक खास प्री-बुकिंग ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर विशेष रूप से करवा चौथ और धनतेरस जैसे प्रमुख त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है, ताकि ग्राहक पहले से ही अपने पसंदीदा गहनों को आज की दर पर बुक कर सकें और भविष्य में कीमत बढ़ने पर भी उन्हीं दरों पर लाभ उठा सकें। इस प्री-बुकिंग ऑफर के तहत ग्राहक 18 कैरेट की ज्वेलरी पर केवल 16% मेकिंग चार्जेज, 22 कैरेट ज्वेलरी पर मात्र 8% मेकिंग चार्जेज और डायमंड ज्वेलरी पर भी सिर्फ 8% मेकिंग चार्जेज का लाभ ले सकते हैं। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है और उन ग्राहकों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो समझदारी से खरीदारी करना चाहते हैं और बढ़ते गोल्ड प्राइस से खुद को सुरक्षित रखना चाहते हैं। उज्जवल ज्वेलर्स के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारा प्रयास हमेशा यही रहा है कि हम अपने ग्राहकों को




बेहतरीन डिजाइन, शुद्धता और सही दाम पर गहने उपलब्ध कराएं। यह ऑफर उसी दिशा में एक और कदम है। ब्रांड की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और गुणवत्ता को हमेशा प्राथमिकता देने की नीति ने इसे ग्राहकों के बीच एक भरोसेमंद नाम बना दिया है।

### प्लास्टो की नई अनब्रेकेबल चेयर मजबूती और भरोसे का नया नाम

**नागपुर।** देशभर में प्लास्टिक टैंक और पाइप्स के लिए प्रसिद्ध आर.सी. प्लास्टो टैंक एंड पाइप्स प्रा. लि. ने अपने उत्पादों की श्रृंखला में एक नया और खास प्रोडक्ट जोड़ा है -नई अनब्रेकेबल चेयर, जो न सिर्फ मजबूती में बेजोड़ है, बल्कि इसके साथ मिलती है 10 साल की गारंटी। यह चेयर खासतौर पर उन ग्राहकों के लिए डिजाइन की गई है जो टिकाऊ, मजबूत और आकर्षक उत्पाद की तलाश में रहते हैं। इसमें यूवी प्रोटेक्शन और एंटी ऑक्सिडेंट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह धूप और मौसम के प्रभाव से भी सुरक्षित रहती है। प्लास्टो की यह चेयर आम प्लास्टिक




कुर्सियों की तुलना में कहीं अधिक मजबूत है और टूटने या फटने की संभावना न के बराबर है। यह घर, ऑफिस, गार्डन या कमर्शियल इस्तेमाल के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। जल्द ही यह चेयर देशभर के अधिकृत डीलरों के पास उपलब्ध होगी। ग्राहक ज्यादा जानकारी के लिए प्लास्टो की वेबसाइट या नजदीकी डीलर से संपर्क कर सकते हैं।

### एक्सिस बैंक का 'दिल से ओपन सेलीब्रेशन्स 2025' घोषित

रायपुर। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने 'दिल से ओपन सेलिब्रेशन 2025' की घोषणा की है, जो एक उत्सव पहल है जिसे पूरे सीजन में ग्राहकों को बेजोड़ मूल्य प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। 'सिर्फ एक त्योहार नहीं, पूरा त्योहारी सीजन चलेगा' की भावना को ध्यान में रखते हुए और इस दर्शन पर आधारित, बैंक खरीदारी, यात्रा और जीवनशैली से जुड़े कई व्यापक लाभ प्रदान कर रहा है।सितंबर 2025 से शुरू होने वाले इस अभियान में कई महीनों तक बिना किसी रुकावट के फेस्टिव माहौल रहेगा, जिसमें रोमांचक छूट, कैशबैक ऑफर, रिवॉर्ड और खास पार्टनर डील शामिल हैं। यह पूरे सीजन के लिए ग्राहकों के लिए फेस्टिव माहौल, वैल्यू और फ़ायदों का एक सहज मिश्रण लेकर आता है, जो किसी एक त्योहार तक सीमित नहीं है।

### त्योहार की उमंगों में अनंतरा मार्ट का खास तोहफा

**रायपुर।** जैसे ही त्योहारी सीजन की दस्तक हुई है, पूरे शहर में खरीदारी का उत्साह चरम पर है। इसी अवसर को और खास बनाते हुए शहर के प्रमुख रिटेल स्टोर अनंतरा मार्ट ने एक शानदार और व्यापक फेस्टिव ऑफर की घोषणा की है। 'भव्य स्टॉक के साथ कम जीएसटी का गिफ्ट' थीम पर आधारित इस सेल में ग्राहकों को न केवल विविधता का अनुभव मिलेगा, बल्कि कीमतों में भी उल्लेखनीय राहत देखने को मिलेगी। 3 से 25 अक्टूबर तक चलने वाले इस फेस्टिव सेलिब्रेशन में खासतौर पर कॉरपोरेट गिफ्टिंग और फैमिली गिफ्ट पैक की आकर्षक रेंज प्रस्तुत की गई है। ड्राई फ्रूट हैम्पर्स, प्रीमियम मिठाई बॉक्स, विशेष नमकीन संग्रह और घर के उपयोग की






कई चीजें विशेष छूट पर उपलब्ध हैं। इस कलेक्शन में बिकाजी, नाकोडा, हल्दीराम और आकाश जैसी विश्वसनीय ब्रांड्स के गिफ्ट पैक शामिल हैं, जिन पर विशेष फेस्टिव ऑफर दिए जा रहे हैं।

कॉरपोरेट क्षेत्र के लिए बल्क ऑर्डर सुविधा और कस्टमाइज गिफ्टिंग विकल्प भी मौजूद हैं, जिससे हर व्यवसायी अपनी जरूरत और बजट के अनुसार उपहार चुन सकता है। ड्राई फ्रूट गिफ्ट पैक की शुरुआती कीमत 249 रुपए है, वहीं मिठाइयों के प्रीमियम बॉक्स कई सुंदर पैकेजिंग विकल्पों के साथ उपलब्ध हैं। अनंतरा मार्ट का उद्देश्य है इस दिवाली, ग्राहकों को 'सबके लिए सब कुछ' की सोच के साथ अधिकतम संतुष्टि देना।


### ओएनजीसी आंध्र में 8,110 करोड़ का करेगी निवेश

**हैदराबाद।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) आंध्र प्रदेश में आठ पीएमएल (उत्पादन खनन लाइसेंस) ब्लॉक में 172 कुओं से तेल एवं गैस के निकालने तथा तटवर्ती विकास के लिए 8,110 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी में है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक समिति ने पिछले महीने आयोजित बैठक में



परियोजना के लिए पर्यावरणीय संबंधी मंजूरी देने की सिफारिश की थी। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने बैठक के विवरण में कहा, परियोजना की अनुमानित लागत 8110 करोड़ रुपये है। ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन योजना) की पूंजीगत लागत 172 करोड़ रुपये होगी और ईएमपी की आवर्ती लागत 91.16 करोड़ रुपये प्रति वर्ष होगी।

# केईसी इंटरनेशनल को 1,100 करोड़ से अधिक के ऑर्डर मिले

- कंपनी को भारत और विदेश के लिए कई नए ऑर्डर मिले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईपीसी प्रमुख केईसी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसे विभिन्न कंपनियों से 1,102 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके सिविल व्यवसाय को भारत की एक प्रमुख निजी कंपनी से 150 मेगावाट के ताप विद्युत संयंत्र के सिविल और संरचनात्मक कार्यों का ऑर्डर मिला है। टीएंडडी (पारेषण और वितरण) व्यवसाय को अमेरिका और पश्चिम एशिया में टावर, हार्डवेयर और खंभों की आपूर्ति के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी के केबल और कंडक्टर व्यवसाय को भारत और विदेशी बाजार में केबल और कंडक्टरों के लिए कई आपूर्ति ऑर्डर मिले हैं। परिवहन व्यवसाय को भारत में ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) खंड में ऑर्डर मिले हैं। नए ऑर्डरों का कुल मूल्य 1,102 करोड़ रुपये है। कंपनी के के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विमल केजरीवाल ने कहा, "इन अनुबंधों के साथ, हमारा इस साल अबतक ऑर्डर अब 12,800 करोड़ रुपये हो गया है।

### फ्यूचर कंज्यूमर ने कर्ज भुगतान में चूक की

**नई दिल्ली।** फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड (एफसीएल) ने शेयर बाजार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 तक उसने कुल 575.81 करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन के भुगतान में चूक की है। कर्ज में डूबी फ्यूचर समूह की दैनिक उपयोग की वस्तुएं बेचने वाली इकाई एफसीएल ने 30 सितंबर, 2025 तक 303.35 करोड़ रुपये का ऋण नहीं चुकाया है। इसमें बैंक से लिए गए मूलधन और ब्याज, दोनों शामिल हैं। एफसीएल ने कहा कि कंपनी ने एनसीडी और एनसीआरपी जैसी गैर-सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों के माध्यम से जुटाए गए 272.46 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋण का भी भुगतान नहीं किया है।

# भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी

- बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने पेश की रिपोर्ट
- भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग वर्ष 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बन जाएगा।

बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक भी है। भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी लगभग दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन पांच प्रतिशत प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी मजबूती आएगी।

*तेल मांग 2050 तक लगातार बढ़ते रहेगी : भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना अहम होगा। अधिकतम तेल मांग के संबंध में डेल ने कहा कि भारत की तेल मांग 2050 तक लगातार बढ़ती रहेगी, और प्राकृतिक गैस की खपत भी दोगुनी होगी।*

## पोल्ट्री उद्योग उच्च उत्पादन लागत को लेकर परेशान

# देश के पोल्ट्री का निर्यात के बजाय घरेलू खपत पर ध्यान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पोल्ट्री उद्योग उच्च उत्पादन लागत और बड़े स्थानीय बाजार को देखते हुए निर्यात के बजाय घरेलू खपत बढ़ाने को प्राथमिकता दे रहा है। उद्योग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को यह कहा। केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और पोल्ट्री मंत्रालय के पूर्व सचिव तरुण श्रीधर ने हैदराबाद में 25-28 नवंबर को होने वाले 17वें पोल्ट्री इंडिया एक्सपो के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अंडा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर होने के बावजूद, भारत अंडा निर्यात में 25वें या 26वें स्थान पर है।

*घरेलू बाजार में अधिक मूल्य मिल रहा : पूर्व सचिव ने कहा, 'निर्यात अपने आप में एक लक्ष्य नहीं है।' उन्होंने प्रश्न किया, "अगर मेरा उत्पाद मुझे घरेलू बाजार में अधिक मूल्य दे रहा है, तो मुझे निर्यात क्यों करना चाहिए? मांस उत्पादन में भारत वैश्विक स्तर पर चौथे या पांचवें स्थान पर है। फिर भी, यहां प्रति व्यक्ति खपत दुनिया में सबसे कम यानी तीन किलोग्राम सालाना है, जो बांग्लादेश और अन्य विकासशील देशों से भी कम है।*

### 17वां पोल्ट्री इंडिया एक्सपो हैदराबाद में आयोजित

#### चिकन की खपत प्रति व्यक्ति 6-7 किलो

*कर्नाटक पोल्ट्री फार्मर्स एंड ब्रीडर्स एसोसिएशन (केपीएफबीए) के अध्यक्ष नवीन पी के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति चिकन की खपत प्रति वर्ष 6-7 किलोग्राम है, जबकि अंडों की खपत सालाना 103 अंडों की है। उन्होंने कहा, "देश में प्रोटीन की कमी वाली आबादी हैं।"*



#### 71 फीसदी भारतीय चिकन व अंडे खाते हैं

सचिव ने बताया कि 71 प्रतिशत भारतीय चिकन और अंडे खाते हैं। उन्होंने सवाल किया, "हमारी आबादी 1.43 अरब है। मैं निर्यात क्यों करना चाहूंगा?' भारतीय पोल्ट्री उत्पादकों को प्रमुख निर्यातकों की तुलना में लागत में भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

#### 80 से 85 फीसदी हिस्सा चारे का

गुलाटी ने बताया कि उत्पादन लागत में 80-85 प्रतिशत हिस्सा चारे का होता है। लागत का यह अंतर आंशिक रूप से भारत द्वारा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण है, जिससे प्रतिस्पर्धी देशों में चारे की लागत कम हो जाती है।

#### ढांचे में सुधार के बिना निर्यात सीमित

उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार के बिना निर्यात के अवसर सीमित रहेंगे। श्रीधर ने कड़े अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता मानकों का हवाला देते हुए कहा, "जब तक हमारे पास अच्छी प्रसंस्करण सुविधाएं, अच्छे फ्रोजन और प्रसंस्कृत उत्पाद नहीं होंगे, हम निर्यात बाजारों में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।"

# मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को हराया


हैलेंड प्रीमियर लीग



**लंदन।** एर्लिंग हैलेंड के मौजूदा सत्र के नौवें प्रीमियर लीग गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हरा दिया। हैलेंड प्रीमियर लीग फुटबॉल के मौजूदा सत्र में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। मैनचेस्टर सिटी को हालांकि पहले हाफ में उस समय झटका लगा जब रोड्री दाएं पैर में चोट के कारण मैच से बाहर हो गए। इस जीत से सिटी की टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल से तीन अंक पीछे है। क्रिस्टल पैलेस को एवर्टन के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 19 मैच से अजेय रहने का उसका रिकॉर्ड क्रम टूट गया। क्रिस्टल पैलेस की टीम इससे पहले कभी इतने मैच में अजेय नहीं रही। क्रिस्टल पैलेस की 16 अप्रैल 2025 के बाद यह पहली हार है।

# बार्सिलोना की लगातार दूसरी हार

स्पेनिश फुटबॉल लीग



**मैड्रिड।** बार्सिलोना को स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेविला के खिलाफ 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार दूसरी हार है। मैच के दौरान बार्सिलोना के लेमिन यमाल चोटिल हो गए जबकि स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार के बाद सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त से बार्सिलोना की टीम को अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कई सवालों के जवाब खोजने होंगे। इस नतीजे के बाद रियाल मैड्रिड की टीम अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। टीम ने बार्सीलोना पर दो अंक की बढ़त बना रखी है, जो सेविला के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रतियोगिता में अजेय थी।

# पेनल्टी गोल करने से चूके पुलिसिच

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट



**रोम।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्रिस्टियन पुलिसिच पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए, जिससे एसी मिलान को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस के खिलाफ अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान के लगातार पांच जीत के क्रम पर भी विराम लग गया। पुलिसिच ने मौजूदा सत्र में मिलान की ओर से छह गोल दागे हैं और दो गोल करने में मदद की है लेकिन पेनल्टी पर लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। पुलिसिच के पेशेवर करियर में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब वह पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे हैं। पिछले सत्र में टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने उनके शॉट को रोक दिया था।

## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते सेंथिलकुमार, चोटरानी

**न्यूयॉर्क।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा को फटकार



**कोलंबो।** पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। आईसीसी ने कहा, 'सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह उल्लंघन 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या खेल के दौरान इस्तेमाल होने वाली किसी चीज' के 'अनादर' से संबंधित है।' यह घटना पाकिस्तान के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40वें ओवर में हुई जब स्नेह राणा के आउट होने के बाद उन्होंने 'अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा'।

### आर्कटिक ओपन में भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती



**वंता (फिनलैंड)।** भारत की मजबूत टीम मंगलवार से शुरू हो रहे आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेगी तो सभी की नजरें लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर होंगी, जिन्हें मौजूदा सत्र में अपने पहले खिताब का इंतजार है। मौजूदा सत्र में हांगकांग ओपन के उपविजेता लक्ष्य को पहले दौर में जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को नाराओका को हराने के लिए आक्रामकता और संयम के बीच संतुलन बनाना होगा क्योंकि विरोधी खिलाड़ी का डिफेंस मजबूत है और वह कमजोर खेल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत का बेहतरीन प्रदर्शन, 22 पदक, 20 से ज्यादा पर्सनल बेस्ट, तालिका में 10वां स्थान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार 5 अक्टूबर को संपन्न हो गया। मेजबान भारत वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10वें स्थान पर रहा हो लेकिन देश का ये अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने 22 मेडल अपने नाम किए। भारत के 6 एथलीटों ने गोल्ड, 9 ने सिल्वर और 7 ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारत के 20 से ज्यादा एथलीट्स ने अपना पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन किया। भारत का तालिका के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले सीजन में कोबे में रहा था। वह कुल 7 पदकों के साथ छठे स्थान पर रहा था।

### भारत रहा दसवें स्थान पर

वहीं आखिरी दिन से पहले कोलंबिया,ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, इटली, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड के साथ भारत संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहा था, जिनके पास 6-6 गोल्ड मेडल थे। हालांकि, टॉप पांच में जगह बनाने की होड़ में ईरान ने तीन गोल्ड जीते और तीसरे स्थान पर रहा। नीदरलैंड और पोलैंड ने क्रमशः दो और तीन गोल्ड जीतकर टॉप पांच में जगह बनाई। जबकि कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन और इटली ने एक-एक गोल्ड मेडल जीतकर भारत को दसवें स्थान पर धकेल दिया।




### भारत ने तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए

*वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ 64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले गोल्ड मेडल विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकार एक नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। भारतीय पैरा एथलीटों ने इस आयोजन में 30 व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किए।*



### गोल्ड मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन गोल्ड | - महिला 100मीटर टी12 |
| शैलेश कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी63 |
| रिंकू हुड्डा | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |
| सुमित अंतिल | - फुरुष भाला फेंक एफ64 |
| संदीप सर्गर | - पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| निषाद कुमार | - पुरुष ऊंची कूद टी47 |

### सिल्वर मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| सिमरन शर्मा | - महिला 200 मीटर टी12 |
| प्रीति पाल | - महिला 200 मीटर टी35 |
| एकता भयान | - महिला क्लब थ्रो एफ51 |
| दीप्ति जीवनजी | - महिला 400 मीटर टी20 |
| नवदीप सिंह | - पुरुष भाला फेंक एफ41 |
| धरमबीर नैन | - पुरुष क्लब थ्रो एफ51 |
| संदीप | -पुरुष भाला फेंक एफ44 |
| योगेश कथुनिया | - पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56 |
| सुंदर सिंह गुर्जर | - पुरुष भाला फेंक एफ46 |

### ब्रॉन्ज मेडल विजेता

| | |
|---|---|
| संदीप | पुरुष 200 मीटर टी44 |
| सोमन राणा | पुरुष गोला फेंक एफ57 |
| प्रवीण कुमार | पुरुष ऊंची कूद टी64 |
| प्रीति पाल | महिला 200 मीटर टी35 |
| प्रदीप कुमार | पुरुष चक्का फेंक एफ44 |
| अतुल कौशिक | पुरुष चक्का फेंक एफ57 |
| वरुण सिंह भाटी | पुरुष ऊंची कूद टी63 |

## पैरा बैडमिंटन

# अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में प्रमोद ने जीते तीन गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा।

सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता, जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला, जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता।

### सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर से पदयात्रा

*नई दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी जिलों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने ध्यानचंद स्टेडियम में 'सरदार@150' एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा, 'सरदार@150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है।'*

## तजमिन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

# द. अफ्रीका की धमाकेदार जीत न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया




एजेंसी ▶▶| इंदौर

साउथ अफ्रीका ने महिला वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इंदौर में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम पहले बैटिंग करते हुए 231 रन पर ढेर हो गई। उसकी तरफ से कप्तान सॉफी डिवाइन ने सर्वाधिक 85 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने तजमिन ब्रिट्स (101) के शतक और सुन लुस के नाबाद 83 रन के दम पर 40.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रिट्स ने साल 2025 में पांचवां शतक लगाया। यह महिला वनडे क्रिकेट में रिकॉर्ड है।

### साउथ अफ्रीका की वर्ल्ड कप में पहली जीत

साउथ अफ्रीका की महिला वर्ल्ड कप 2025 में यह पहली जीत है। उसे इंग्लैंड के सामने पहले मुकाबले में करारी शिकस्त मिली थी। वहीं न्यूजीलैंड को लगातार दूसरी हार मिली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उसे मात दी थी। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने मैच की पहली गेंद पर ही सूजी बेट्स को गंवा दिया, जो मारिजान कैप की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गई। अमीलिया ने तीसरे नंबर पर आकर 23 रन की पारी खेली। उनके और जॉर्जिया प्लिमर के बीच दूसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। प्लिमर और कप्तान डिवाइन ने 57 रन तीसरे विकेट के लिए जोड़े। 68 गेंद में चार चौकों से 31 रन बनाने के बाद प्लिमर आउट हो गई।

### ब्रिट्स का रिकॉर्ड तोड़ शतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीकी कप्तान लॉरा वूलवार्ट 14 रन बनाकर जल्द ही आउट हो गई। लेकिन ब्रिट्स और लुस ने दूसरे विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। इन दोनों को न्यूजीलैंड की कोई गेंदबाज परेशान नहीं कर सकी. ब्रिट्स ने 44 गेंद में फिफ्टी पूरी की तो लुस को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 76 गेंद लगी। इसके बाद ब्रिट्स ने 87 गेंद में अपना शतक पूरा किया। यह उनका इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल सातवां और इस साल पांचवां वनडे शतक रहा। वह एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक शतक लगाने वाली महिला क्रिकेटर बन गई। ब्रिट्स शतक पूरा करने के फौरन बाद लिया तहुहु की गेंद पर बोल्ड हो गई। इसके बाद साउथ अफ्रीका ने कैप (14) और एनेके बॉश (0) को जल्दी-जल्दी गंवा दिया लेकिन लुस ने एक छोर पर डटे रहकर टीम को जीत की दहलीज पार करा दी।

### भारतीय क्रिकेटर पहली बार खेलेंगे लंका प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे, जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतररराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारुप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# शंघाई मास्टर्स : रिंडरनेक से हार कर बाहर हुए ज्वेरेव



एजेंसी ▶▶| शंघाई

तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव शंघाई मास्टर्स के अपने पहले ही मैच में 54वीं रैंकिंग के आर्थर रिंडरनेक से 4-6, 6-3, 6-2 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। ड्रा में बचे सबसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी ज्वेरेव ने पहला सेट जीतकर शुरुआती बढ़त बनाई थी लेकिन इसके बाद वे लय खो बैठे और पूरे मैच में एक बार भी रिंडरनेक की सर्विस नहीं तोड़ सके। रिंडरनेक ने दूसरे सेट में एक और तीसरे सेट में दो बार ब्रेक पाकर दो घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में जीत दर्ज की। तीस साल के रिंडरनेक ने इस साल विम्बलडन में भी ज्वेरेव को पहले ही दौर में पांच सेटों में हराया था। रिंडरनेक के लिए यह सत्र अब तक शानदार रहा है। उन्होंने इस साल करियर के सर्वाधिक 23 मैच जीते हैं और वे किसी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के चौथे दौर में तीसरी बार पहुंचे हैं। उनका अगला मुकाबला जीरी लेहेका से होगा। लेहेका ने डेनिस शापोवालोव को 6-4, 6-4 से हराया।

# बीएफआई कप : अंकुशिता और अरुंधति ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो और अरुंधति चौधरी ने पहले बीएफआई कप के महिला वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। अंकुशिता (असम) ने 60-65 किग्रा वर्ग में राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल को 3-2 से हराया जबकि अरुंधति (सेना) ने 65-70 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्नेहा को 5-0 से हराकर अपना दबदबा कायम रखा। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (साई) ने भी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए 57-60 किग्रा वर्ग के एक करीबी मुकाबले में प्रिया (हरियाणा) को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अन्य नतीजों में निवेदिता कार्की (उत्तराखंड) ने विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे) को 3-2 से हराकर 45-48 किग्रा वर्ग का खिताब जीता जबकि भावना शर्मा (रेलवे) ने 48-51 किग्रा वर्ग के फाइनल में सविता (रेलवे) को 5-0 से हराया। महाराष्ट्र की खुशी जाधव ने 51-54 किग्रा वर्ग में दिव्या पवार को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता और हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी धोटा ने 54-57 किग्रा वर्ग में मुश्कन को 5-0 से हराया। मोनिका (साई) ने नीशू (हरियाणा) को 4-1 से हराकर 70-75 किग्रा का खिताब हासिल किया।



## नेट स्किवर ब्रंट और निगार सुल्ताना की टीमों के बीच मुकाबला आज 3 बजे से

# बांग्लादेश के मुकाबले इंग्लैंड की मजबूत दावेदारी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है। टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं।




### बांग्लादेश की टीम अनुभवी नहीं

दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं।

### इंग्लैंड-बांग्लादेश के पास पिच का फायदा उठाने पर्याप्त ताकत

अगर गेंदबाज अनुशासित लाइन और लेंथ बनाए रखें और विविधता का इस्तेमाल करें तो उन्हें यहां सफलता मिलने की संभावना है और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश दोनों के पास इस पिच का फायदा उठाने के लिए पर्याप्त ताकत है। इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। जहां तक बल्लेबाजों और ऑलराउंडर का सवाल है तो इंग्लैंड का पलड़ा भारी है और बांग्लादेश के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी।




## लॉटरी में जीते 11 करोड़ 90 लाख रुपए तो 3 महीने लगातार करता रहा पार्टी




**लंदन।** पैसा आने पर अक्सर लोगों की ज़िंदगी बदल जाती है, लेकिन ब्रिटेन के एक शख्स के लिए यह बदलाव लगभग जानलेवा साबित हुआ। नॉर्विच के रहने वाले 39 वर्षीय एडम लोपेज ने तीन महीने पहले 1 मिलियन (लगभग 11 करोड़ 90 लाख ) की लॉटरी स्क्रैचकार्ड पर जीती थी। अपनी इस बड़ी जीत के बाद एडम ने अपनी नौकरी छोड़ दी और लाइफ को एन्जॉय करने लगे। वो हर दिन पार्टी करते थे और इधर से उधर घूमते रहते थे। उन्होंने कबूल किया कि जुलाई में इस लॉटरी को जीतने के बाद उनकी ज़िंदगी एक 'रोलरकोस्टर' बन गई थी। एडम ने कहा, 'मेरा बैंक बैलेंस 12.40 से बढ़कर 11 करोड़ 90 लाख हो गया।' लेकिन, यह खुशी ज़्यादा दिन नहीं चली। बेतहाशा पार्टी और लाइफ एन्जॉय करने के चक्कर में उनकी ज़िंदगी में ऐसा भयंकर तूफान आया, जिसने सबकुछ उलट-पलट कर दिया।

**गलत रास्ते पर चले गए :** मामला बीते 10 सितंबर का है। बिगड़ती तबीयत को देखने के बाद तुरंत उन्हें एम्बुलेंस से नॉर्फोक और नॉर्विच यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें बाइलेटरल पल्मोनरी एम्बोलिज्म हो गया था, जिसका मतलब है कि उनके पैर में जमा हुआ ब्लड क्लॉट फैलकर फेफड़ों तक पहुंच गया था। यह सुनकर एडम को गहरा झटका लगा। उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि मैं जो कर रहा हूं, उसका अंत होगा, लेकिन इतने भयावह तरीके से? ऐसा नहीं सोचा था।

### ज़िंदगी का सबसे बड़ा बदलाव लाने वाला पल

हॉस्पिटल में साढ़े आठ दिन बिताने के बाद उन्होंने अपनी भयानक आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया, 'मैं न तो चल पा रहा था और ना ही सांस ले पा रहा था। जब मैं एम्बुलेंस में लेटा हुआ था और सायरन की आवाज सुन रहा था, तब मुझे एहसास हुआ कि यह मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा बदलाव लाने वाला पल है। इतने मुश्किल वक्त से गुजरने के बाद उन्होंने अपनी जान बचाने वाले मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया किया।

## इस हिरण की नाभि में छुपा बेशकीमती खजाना, जिसकी खुशबू बनाती है सभी को दीवाना

एजेंसी ▶▶| देहरादून

आपने कई तरह के परफ्यूम का इस्तेमाल किया होगा, जो फूलों या पौधों के अर्क से तैयार किए जाते हैं। लेकिन, एक खास परफ्यूम ऐसा भी है, जिसकी खुशबू एक विशेष प्रजाति के हिरण से निकलने वाली कस्तूरी से आती है। इस हिरण को कस्तूरी मृग या हिमालयन मस्क डियर कहा जाता है, जो उत्तराखंड का राज्य पशु है। किताबों में इसका जिक्र मिलता है। आपने दोहा पढ़ा होगा—'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे बन माहि... ऐसे घटी-घटी राम है, दुनिया देखत नाहि।' कस्तूरी मृग की नाभि के पास एक थैलीनुमा आकृति होती है, जिसमें से बेशकीमती कस्तूरी निकलती है। यह महंगे इत्र और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने में उपयोगी होती है। इसी कारण इसकी अवैध तस्करी के मामले भी कई बार सामने आते हैं। जानकारों के मुताबिक कस्तूरी मृग की सुनने की शक्ति बेहद प्रखर होती है, जो इसे दुनिया के अन्य जानवरों से अलग बनाती है। इसकी बॉडी पर भी विविधता देखने को मिलती है। इस मृग के पेट और कमर के निचले हिस्से का रंग सफेद होता है, जबकि बाकी का हिस्सा कत्थई भूरे रंग का होता है।

### दमा, मिर्गी की दवाइयां बनाने में किया जाता है उपयोग

कस्तूरी मृग के शरीर का ऊपरी भाग सुनहरा, हल्का पीला और नारंगी रंग का होता है। इनकी कमर और पीठ पर रंगीन धब्बे पाए जाते हैं। इनके बाल बेहद घने होते हैं, जिनका निचला आधा हिस्सा सफेद होता है। ये बाल सीधे होते हैं और छूने पर मुलायम महसूस होते हैं। उत्तराखंड राज्य पशु कस्तूरी मृग प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर और बेहद फुर्तीला जानवर है। इसकी कस्तूरी का उपयोग दमा, मिर्गी और निमोनिया जैसी बीमारियों की दवाइयां बनाने में किया जाता है। इसकी खासियत यह भी है कि नाभि के पास पाई जाने वाली कस्तूरी से बनने वाला इत्र अपनी मदहोश कर देने वाली खुशबू के लिए दुनिया भर में मशहूर है।



### केवल नर हिरण में पाई जाती है कस्तुरी

मादा कस्तूरी मृग में कस्तूरी नहीं पाई जाती, यह केवल नर हिरण में होती है। एक हिरण की नाभि से लगभग 25 से 30 ग्राम कस्तूरी प्राप्त की जा सकती है। कस्तूरी अंडाकार आकार की होती है, जिसकी लंबाई लगभग 3 से 7.5 सेंटीमीटर और चौड़ाई 2.5 से 5 सेंटीमीटर तक होती है। नर कस्तूरी हिरण में पाई जाने वाली कस्तूरी मादा हिरण को आकर्षित करती है। वहीं, नर हिरण भी इसकी सुगंध को पहचान तो लेता है ,लेकिन यह समझ नहीं पाता कि खुशबू कहां से आ रही है, जिसके कारण वह पूरे जंगल में उसे खोजता रहता है।

## सूरज अगर 1 करोड़ किमी खिसक जाए तो धरती पर मचेगा कोहराम

**वॉशिंगटन।** सूरज और पृथ्वी की दूरी ही पृथ्वी को रहने लायक जोन बनाती है। ऐसे में अगर अचानक सूर्य को पृथ्वी के 1 करोड़ किलोमीटर करीब ला दिया जाए, तो इसका नतीजा पूरी धरती के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक बन जाएगा। यह बदलाव पृथ्वी को रहने लायक जोन से बाहर कर देगा, जिससे भयानक क्लाइमेट चेंज और वार्मिंग का दौर शुरू हो जाएगा।

### भयानक गर्मी और क्लाइमेट चेंज

अगर सूरज और पृथ्वी करीब आ जाए, तो धरती पर भयानक गर्मी और क्लाइमेट चेंज शुरू हो जाएगा। पृथ्वी पर सूरज की रोशनी लगभग 15% ज्यादा हो जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि औसत तापमान करीब 9C (लगभग 16.2F) तक बढ़ जाएगा। ऐसे में यह इकोसिस्टम को खत्म करने की स्थिति में आ सकता है, क्योंकि सिर्फ 1 या 2 डिग्री तापमान बढ़ने से क्लाइमेट क्राइसिस पैदा हो सकता है। तो 9C के बढ़ने पर पूरी धरती का वातावरण अस्थिर हो जाएगा।

**उबलता समुद्र :** गर्मी बढ़ने से समुद्र, नदी, जैसे वाटर बॉडी गर्म हो जाए, जिससे समुद्र उबलने लगेगा और समुद्री जीवन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। हवा में भारी मात्रा में वाटर वेपर होगा, जिससे भारी तूफान, बाढ़ और मूसलाधार बारिश की स्थिति पैदा होगी।


### पल में भस्म हो जाएंगे इंसान?



### रनअवे ग्रीनहाउस इफेक्ट

सूरज और पृथ्वी के 1 करोड़ किलोमीटर करीब आने पर पृथ्वी में रनअवे ग्रीनहाउस इफेक्ट जैसी हालात पैदा हो जाएगी। टेंपरेचर का बढ़ना पृथ्वी पर एक दुष्चक्र का कारण बन जाएगा। जैसे-जैसे धरती गर्म होती, वैसे-वैसे पोलर आइस कैप्स पिघल जाएंगी और समुद्र का पानी तेजी से भाप बनकर उड़ने लगेगा। वातावरण में फंसी ये भाप और ज्यादा गर्मी बढ़ाएगी। यह तब तक चलता रहेगा, जब तक धरती 'वीनस' की तरह पूरी तरह गर्म और ड्राई न हो जाए, जहां जीवन संभव नहीं है।

### गुरुत्वाकर्षण और ऑर्बिट चेंज



सूरज के पृथ्वी से नजदीक होने का असर इतना भव्य होगा, कि इसका प्रभाव गुरुत्वाकर्षण और ऑर्बिट चेंज पर भी पड़ सकता है। सूरज के पास आने से सूर्य की गुरुत्वाकर्षण शक्ति और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि पृथ्वी और ज्यादा तेजी से घूमेगी, जिससे साल के दिन 365 से घटकर लगभग 338 हो जाएंगे। इसके कारण समुद्रों में भयंकर टाइड तबाही मचा सकते हैं। इसके साथ-साथ दूसरे प्लेनेट्स के ऑर्बिट भी बदल जाएंगे।

### बड़े पैमाने पर प्रजातियों का अंत

बहुत ज्यादा गर्मी होने से धरती पर बैलेंस पूरी तरह से बिगड़ जाएगा। ज्यादातर पेड़-पौधे और जानवर इतनी गर्मी को सह नहीं पाएगा। इससे बहुत सारी प्रजातियां एकमत खत्म हो जाएगी। केवल कुछ माइक्रो-ऑर्गेनिज्म जी पाएंगे, जो इन टेंपरेचर को सह पाएं। इंसानों के साथ ज्यादातर जीव का अस्तित्व पृथ्वी पर खत्म हो जाएगा।

## अटलांटिक महासागर से मैक्सिको तक दिखी 8850 किलोमीटर लम्बी शैवाल

**फ्लोरिडा ।** वैज्ञानिक अपनी खोजों से हर किसी को हैरान करते रहते हैं, अब वैज्ञानिकों ने पाया है कि बीते 15 सालों से समुद्र में शैवालों की एक पट्टी बढ़ रही है। ये अंतरिक्ष से देखने पर ये अफ्रीका के पश्चिमी तट को मेक्सिको की खाड़ी से जोड़ने वाले एक विशाल भूरे 'रिबन' जैसी दिखती है। इसे ग्रेट अटलांटिक सार्गासम बेल्ट कहते हैं। पहले ये सार्गासो सागर तक सीमित थी, लेकिन अब लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह से वैज्ञानिक भी चिंतित हो गए हैं।

**बढ़ रही है रिबन :** एक रिपोर्ट के मुताबिक ये रस्सी 2011 से लगातार बढ़ रही है और अब यह 8850 किमी लंबी हो गई है, इसका वजन भी 37.5 मिलियन टन हो गया है। साथ ही बता दें कि इसकी चौड़ाई



अमेरिका महाद्वीप से दोगुना हो गया है। सार्गासम आमतौर पर सार्गासो सागर के गर्म और खारे पानी में पाया जाता है। हालांकि, अब ये ऐसे पानी में फैल रहा है जो पोषक तत्वों से भरपूर हों। अब खेतों का गंदा पानी, अपशिष्ट जल और हवा से पोषक तत्व समंदर से जा रहे हैं, अमेजन नदियों के माध्यम से भी पोषक तत्व नदी में आ रहे हैं। इसके अलावा अलावा समुद्री धाराएं भी इसे पूरे इलाके में फैला रही है।

### क्यों बढ़ रही शैवाल?

इसे लेकर फ्लोरिडा अटलांटिक विश्वविद्यालय के हार्बर ब्रांच ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए हानिकारक शैवाल नामक एक वैज्ञानिक अध्ययन से पता चलता है कि 1980 और 2020 के बीच, सार्गासम ऊतक में नाइट्रोजन की मात्रा 55 प्रतिशत और नाइट्रोजन-फॉस्फोरस अनुपात में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई. अमेजन नदी विशेष रूप से पोषक तत्वों को बढ़ाने में योगदान दे रही है।




## दुनिया की सबसे खतरनाक क्रिकेट पिच पहाड़ की चोटी पर खेलते दिखे लोग

**नई दिल्ली।** क्रिकेट को भारत में एक धर्म की तरह माना जाता है और यह जुनून लोगों को सबसे खतरनाक जगहों पर भी इस खेल को खेलने के लिए मजबूर कर देता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आप दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे। इस वीडियो में कुछ उत्साही खिलाड़ी एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर बने क्रिकेट पिच पर खेल रहे हैं। यह पिच देखने में बेहद खतरनाक लग रही है, जहां जरा सी चूक होने पर गेंद के साथ-साथ खिलाड़ी भी सैकड़ों फीट नीचे गिर सकते हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com